संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर
www.santalexpress.com पर पढ़ें
16 जुलाई 2026, गुरुवार
पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 08, अंक - 291
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज
संताल एक्सप्रेस

ईरानी बंदरगा रे अमेरिका घेरावे एहो़प् केदा, 20 गो़टेच् खो़न बा़ड़ती युद्धपोत आर साय फाइटर जेट मोर्चे रे

वाशिंगटन। अमेरिका दो़ ईरान रेयाक् बंदरगा रे नौसेनिक दो़को घेराव केदा। 20 गो़टेच् खो़न बा़ड़ती युद्धपोत आर साग गो़टेच् सैन्य उडा़क् गा़डी ते ईरान रेयाक् बंदरगा आर तटीय टोठा सेच् लेका ते पारो़मो़क्कान जाहाज दो़ केटेच् तेको ता़नखीयेत् काना। अमेरिका मध्य कमान (सेंटकॉम) दो़ टोठा रेन हो़ड़को लेका तेबालेमाहां हिलोक् एक्स पोस्ट रे नोवाये सारसादले केदा।

भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा ने दिए भक्तों को दर्शन, आज निकलेगी रथ यात्रा

संवाददाता

रांची । रथयात्रा महोत्सव की पूर्व संध्या पर बुधवार को धुर्वा के जगन्नाथ मंदिर में आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन माता सुभद्रा ने विशेष श्रृंगार के साथ श्रद्धालुओं को दर्शन दिए। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतार लगी रही। बारिश के बीच भी श्रद्धालुओं के आस्था में कोई कमी नहीं दिखी। बड़ी संख्या में लोग परिवार सहित मंदिर पहुंचे और भगवान के दर्शन कर सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

भगवान के दर्शन होते ही पूरा मंदिर परिसर जय जगन्नाथ के उद्घोष से गूंज उठा। श्रद्धालु हाथ जोड़कर भगवान के समक्ष नतमस्तक हुए और विधिवत पूजा-अर्चना की। मंदिर में बज रहे घंटे-घड़ियाल, शंखनाद और धार्मिक भजनों ने वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। बारिश की फुहारों के बीच श्रद्धालुओं की अटूट आस्था देखने लायक रही। कई श्रद्धालु भीगते हुए भी कतार में डटे रहे और भगवान के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त किए।

भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और माता सुभद्रा का विशेष श्रृंगार श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना

रहा। दर्शन के दौरान मंदिर परिसर में सुरक्षा और व्यवस्था के लिए स्वयंसेवकों और मंदिर प्रबंधन की ओर से विशेष इंतजाम किए गए थे, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। श्रद्धालुओं में अगले दिन गुरुवार को निकलने वाली रथयात्रा को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है।

जगन्नाथपुर मंदिर मुख्य पजारी रामेश्वर पाढ़ी ने बताया कि नेत्रदान उत्सव के साथ भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा तीनों विग्रहों का अनुष्ठान संपन्न हो गया। शाम में 108 दीपों की महाआरती के साथ ही 14 दिनों बाद श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए मंदिर के पट खोल दिए गये।

वहीं, 16 जुलाई भगवान जगन्नाथ का रथ मौसीबाड़ी के लिए प्रस्थान करेगा, जो 25 जुलाई को वापस लौटेगी। प्रशासन और मंदिर न्यास समिति ने ऐतिहासिक रथयात्रा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गाइडलाइंस जारी कर दी है।

16 जुलाई को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली जाएगी। मंदिर प्रबंधन ने बताया कि दोपहर 02 बजे तक श्रद्धालु दर्शन कर सकेंगे। इसके बाद दर्शन बंद कर दिए जाएंगे। दोपहर 2.30 से 03 बजे के बीच सुदर्शन चक्र, श्री गरुड़, लक्ष्मी-नरसिंह, बलभद्र स्वामी, माता सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ के विग्रह रथ के लिए प्रस्थान करेंगे। इसके बाद विग्रहों को रथ पर विराजमान कर श्रृंगार किया जाएगा। शाम 04 बजे रथ पर भक्त श्री विष्णु सहस्त्रनाम पूजा करेंगे। शाम 4.30 से शाम 05 बजे तक मंदिर के सहायकों की ओर से भगवान के चरणों में पुष्प अर्पित किए जाएंगे। शाम 5ः01 बजे भगवान जगन्नाथ का रथ मौसीबाड़ी के लिए प्रस्थान करेगा। शाम 06 बजे रथ के मौसीबाड़ी पहुंचने की संभावना है। शाम 6.05 बजे से महिलाओं को रथ पर दर्शन का अवसर मिलेगा। रात्रि 07 बजे दर्शन बंद कर विग्रहों को मौसीबाड़ी मंदिर में विराजमान कराया जाएगा। रात 08 बजे 108 की मंगल आरती के बाद शयन अनुष्ठान होगा।

संक्षिप्त खबरें

राजमहल सांसद विजय हांसदा विवाह बंधन में बंधे

पाकुड़। राजमहल लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय हांसदा बुधवार को सुप्रिया मुर्मू के साथ विवाह बंधन में बंध गए। रांची के बहू बाजार स्थित सेंट पॉल्स कैथेड्रल चर्च में सुबह करीब 10:30 बजे ईसाई रीति-रिवाज से विवाह संपन्न हुआ। विवाह के बाद शाम को रांची रेलवे स्टेशन के निकट स्थित बीएनआर चाणक्य होटल में स्वागत समारोह (रिसेप्शन) का आयोजन किया गया।विवाह समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य, सांसद, विधायक, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता तथा कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति रही। समारोह में संताल परगना सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में अतिथि शामिल हुए।

रांची के रियल एस्टेट कारोबार से जुड़े दो बड़े समूहों पर आयकर की छापेमारी

रांची । झारखंड की राजधानी रांची में बुधवार को आयकर विभाग ने रियल एस्टेट कारोबार से जुड़े दो बड़े समूहों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक साथ कई ठिकानों पर छापेमारी की। आयकर विभाग की जांच टीम ने पानस रियल्टर्स स्थित रातू रोड स्थित कार्यालय और दयानंद मोदी ग्रुप से जुड़े लालपुर स्थित आवासीय एवं व्यावसायिक परिसरों में पहुंचकर दस्तावेजों की गहन जांच शुरू की। कार्रवाई के दौरान परिसरों में आने-जाने पर निगरानी रखी गई और बाहरी लोगों के प्रवेश पर भी रोक लगाई।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का पुरी रथ यात्रा पर विशेष लेख पेज 4 पर पढ़ें..

दुमका में जल्द शुरू होगा तारा मंडल और साइंस सेंटर : प्रधान सचिव

यह केंद्र छात्र-छात्राओं के बीच अंतरिक्ष और खगोल विज्ञान को लेकर नई जिज्ञासा पैदा करेगा

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका। दुमका अब शिक्षा, विज्ञान और तकनीकी गतिविधियों के क्षेत्र में अपनी एक नई और आधुनिक पहचान बनाने जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव राहुल कुमार पुरवार ने दुमका इंजीनियरिंग कॉलेज के पास निर्माणाधीन तारा मंडल भवन और साइंस सेंटर का जायजा लिया और कार्य की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने प्रधान सचिव को बताया कि तारा मंडल का अधिकांश निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। बची हुई छोटी-मोटी औपचारिकताओं को तेजी से पूरा किया जा रहा है, ताकि जल्द से जल्द इसे

आम जनता और विद्यार्थियों के लिए खोल दिया जाए।

इस मौके पर प्रधान सचिव राहुल कुमार पुरवार ने कहा कि संताल परगना क्षेत्र के लिए दुमका में तारा मंडल की स्थापना एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। यह केंद्र युवाओं और छात्र-छात्राओं के बीच अंतरिक्ष और खगोल विज्ञान को लेकर नई जिज्ञासा पैदा करेगा। साथ ही, इससे क्षेत्र में वैज्ञानिक सोच और नवाचार को भी बढ़ावा मिलेगा। यह तारा मंडल आने वाले समय में दुमका की पहचान को नई ऊंचाई देगा और जिले के प्रमुख आकर्षण केंद्रों में से एक होगा। तारा मंडल के बाद प्रधान सचिव ने पास ही बन रहे साइंस सेंटर के निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया। उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने उन्हें जानकारी दी कि साइंस सेंटर का काम तय समयसीमा के भीतर काफी तेजी से चल रहा है। अगले साल तक इसके निर्माण को पूरी तरह खत्म कर इसका संचालन शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रधान सचिव ने भरोसा जताया कि तारा मंडल और साइंस सेंटर के शुरू होने से दुमका विज्ञान और तकनीक का एक प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा। इन दोनों संस्थानों के शुरू होने से यहां के बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ प्रैक्टिकल लर्निंग, आधुनिक वैज्ञानिक संसाधनों और नए अनुसंधानों से जुड़ने का बेहतरीन मौका मिलेगा।

सीएम ने निर्माण कार्यों में हो रही देरी पर अधिकारियों को लगायी फटकार

कहा-दोषी अधिकारियों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

संवाददाता

रांची । मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बुधवार को झारखंड मंत्रालय में पथ निर्माण विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में निर्माण कार्यों में हो रही देरी और लापरवाही पर अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सड़क, फ्लाईओवर, ओवरब्रिज और पुल-पुलिया जैसी सभी परियोजनाओं की समयबद्ध तैयारी और निर्धारित अवधि में गुणवत्ता के साथ पूरा होना सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषी अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। बैठक में विभागीय अधिकारियों ने पिछले पांच वर्षों के दौरान पथ निर्माण विभाग की ओर से संचालित योजनाओं, निर्माणाधीन एवं पूर्ण हो

चुकी परियोजनाओं की विस्तृत प्रस्तुति दी। इसमें विभिन्न सड़क, फ्लाईओवर, ओवरब्रिज और पुल-पुलिया परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति, प्रगति और लंबित कार्यों की जानकारी मुख्यमंत्री को दी गई।

प्रस्तुति का गहन अवलोकन करने के बाद मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी परियोजनाओं का अद्यतन और सुव्यवस्थित डेटाबेस तैयार किया जाए तथा प्रत्येक योजना की जियो-टैगिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि हर परियोजना की लागत, प्रगति, समय-सीमा और वर्तमान स्थिति का स्पष्ट रिकॉर्ड उपलब्ध होना चाहिए, ताकि कार्यों की प्रभावी निगरानी और समय पर समीक्षा की जा सके।

केंद्र ने ओडिशा व झारखंड में रेलवे की दो मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को दी मंजूरी

एजेंसी

नई दिल्ली । केंद्र सरकार ने ओडिशा और झारखंड में रेल मंत्रालय की 3,907 करोड़ रुपये की लागत वाली दो मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को बुधवार को मंजूरी दी। ओडिशा और झारखंड के चार जिलों में प्रस्तावित इन परियोजनाओं से रेलवे नेटवर्क में करीब 145 किलोमीटर की वृद्धि होगी तथा इन्हें वर्ष 2030-31 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की बैठक में इस परियोजना पर मुहर लगाई

गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में पत्रकार वार्ता में मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल ने पारादीप-हरिदासपुर रेलखंड के दोहरीकरण तथा राजखरसावां-डांगोआपोसी रेलखंड पर चौथी लाइन बिछाने की परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है। इन परियोजनाओं से लाइन क्षमता बढ़ेगी, जिससे रेल परिचालन अधिक कुशल और विश्वसनीय बनेगा तथा यातायात का दबाव कम होगा।

इन परियोजनाओं से ओडिशा और झारखंड के चार जिलों में स्थित लगभग 1,526 गांवों, जिनकी कुल आबादी करीब 14 लाख है, को बेहतर रेल संपर्क मिलेगा। साथ ही क्षेत्र के आर्थिक विकास, रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों को भी बढ़ावा मिलेगा, जो प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

देवघर पासपोर्ट कार्यालय और गिरिडीह प्रधान डाकघर को बम से उड़ाने की धमकी

संवाददाता

देवघर। शहर के प्रधान डाकघर स्थित पासपोर्ट सेवा कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने की सूचना से मंगलवार को हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गईं। एहतियात के तौर पर डाकघर परिसर को खाली कराया गया और पूरे भवन की सघन तलाशी ली गई। इसके बाद रिजनल कार्यालय ने देवघर प्रधान डाकघर को भी सतर्क रहने का निर्देश दिया।

गिरिडीह । प्रधान डाकघर को एक धमकी भरा ईमेल प्राप्त होने से कर्मचारियों में हड़कंप मच गया।मेल में दोपहर के समय विस्फोटक सामग्री से हमला करने की धमकी दी गई थी, जिसे कार्यालय के कंप्लेंट इंस्पेक्टर ने देखा।धमकी भरे मेल में एक अभिनेत्री पर धार्मिक टिप्पणी को लेकर आपत्ति जताते हुए धमकी दी गई थी।

रायपुर उपभोक्ता फोरम का आदेश

ई-20 पेट्रोल से खराब हुई कार, निर्माता कंपनी को नई गाड़ी या 21.60 लाख रुपये लौटाने का आदेश

एजेंसी

रायपुर । रायपुर जिला उपभोक्ता फोरम ने छत्तीसगढ़ में ई-20 पेट्रोल से कार खराब होने के मामले में उपभोक्ता के पक्ष में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। फोरम ने कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड को आदेश दिया है कि वह पीड़ित को 45 दिनों के भीतर नई ई-20 अनुकूल कार दे या फिर 21.60 लाख लौटाए। आयोग के अध्यक्ष प्रशांत कून्दु और सदस्य डॉ आनंद वर्गीस की पीठ ने माना कि कार का इंजन ई-20 पेट्रोल को सपोर्ट नहीं कर रहा था, जिसके चलते गाड़ी बार-बार खराब हो रही थी। उपभोक्ता आयोग ने माना कि यदि कार ई-20 पेट्रोल के अनुकूल नहीं थी, तो कंपनी को ग्राहक को इसकी जानकारी देनी चाहिए थी।

कॉलेज शिक्षकों की बहाली जल्द, 2027 की पहली छमाही तक पूरी होगी नियुक्ति प्रक्रिया

यूनिवर्सिटी सर्विस कमीशन के माध्यम से होगी कॉलेज शिक्षकों, प्राचार्यों और विवि के प्रमुख प्रशासनिक पदों पर नियुक्ति

विशेष संवाददाता

दुमका। झारखंड के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। नई राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम (स्टेट यूनिवर्सिटी एक्ट) लागू होने के बाद शिक्षकों की नियुक्ति के लिए यूनिवर्सिटी सर्विस कमीशन का गठन किया जाएगा। सरकार का लक्ष्य वर्ष 2027 की पहली छमाही तक कॉलेज शिक्षकों के सभी रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने का है।यह जानकारी झारखंड के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव राहुल पुरवार ने मंगलवार को सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय (एसकेएमयू), दुमका में कुलपति एवं विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में दी।

उन्होंने कहा कि राज्य में उच्च शिक्षा के सामने सबसे बड़ी चुनौती विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में टीचिंग फैकल्टी की कमी है। इस समस्या के समाधान के लिए सरकार तेजी से काम कर रही है। विषयवार शिक्षकों के पदों का सृजन पूरा हो चुका है और फिलहाल रोस्टर तैयार करने की प्रक्रिया चल रही है। राहुल पुरवार ने बताया कि नई यूनिवर्सिटी एक्ट के तहत अब कॉलेज शिक्षकों की नियुक्ति जेपीएससी के बजाय यूनिवर्सिटी सर्विस कमीशन के माध्यम से होगी।

गोड्डा और साहिबगंज में विकसित होगा तकनीकी क्लस्टर साहिबगंज में सरकार खोलेगी इंजीनियरिंग कॉलेज

दुमका। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव राहुल पुरवार ने बताया कि राज्य में नौ तकनीकी शिक्षा क्लस्टर विकसित किए जा रहे हैं। इनमें से तीन क्लस्टर संताल परगना प्रमंडल में होंगे। फिलहाल एक क्लस्टर गोड्डा और दूसरा साहिबगंज में प्रस्तावित है, जबकि तीसरे क्लस्टर की योजना पर सरकार काम कर रही है। उन्होंने बताया कि साहिबगंज में एक इंजीनियरिंग कॉलेज स्थापित करने का भी प्रस्ताव है। प्रधान सचिव राहुल पुरवार ने कहा कि सरकार उच्च शिक्षा संस्थानों के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की दिशा में भी तेजी से काम कर रही है। अगले दो से तीन वर्षों में नए भवनों और अन्य आधारभूत सुविधाओं का निर्माण पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। समीक्षा बैठक में उन्होंने विश्वविद्यालय के अधिकारियों को सभी लंबित निर्माण एवं विकास परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने के निर्देश भी दिए।

रांची के हर वार्ड में बनेगा ओपन जिम संजय सेठ ने किया स्थल निरीक्षण

संताल एक्सप्रेस

रांची। राजधानी रांची को स्वास्थ्य, फिटनेस और आधुनिक नागरिक सुविधाओं में कदम उठाते हुए केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री-सह-सांसद संजय सेठ और महापौर रोशनी खलखो ने एयरपोर्ट कॉलोनी में बुधवार को ओपन जिम निर्माण के लिए प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया।मौके पर उप महापौर नीरज कुमार भी मौजूद थे।यह निरीक्षण शहर के प्रत्येक वार्ड में ओपन जिम स्थापित करने की महत्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन की दिशा में प्रारंभिक पहल है।उल्लेखनीय है कि रांची नगर निगम परिषद की बैठक में संजय सेठ ने शहर के प्रत्येक वार्ड में ओपन जिम स्थापित कराने की घोषणा की थी, ताकि प्रत्येक नागरिक- विशेषकर युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और बच्चों को अपने ही वार्ड में निःशुल्क स्वास्थ्य एवं व्यायाम की आधुनिक सुविधा उपलब्ध हो सके। इसी संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से संभावित स्थल का विस्तृत निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही विकसित राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी हैं।उन्होंने कहा कि प्रत्येक वार्ड में ओपन जिम स्थापित होने से लोगों में नियमित व्यायाम की आदत विकसित होगी, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने का अवसर मिलेगा। वहीं निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्थल की उपलब्ध भूमि, पहुंच मार्ग, सुरक्षा, विद्युत व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक आधारभूत सुविधाओं का भी अवलोकन किया।

इलाज और एम्बुलेंस नहीं मिलने से छात्रा की मौत

संताल एक्सप्रेस

गुमला । झारखंड के गुमला जिले के चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगे हैं। परिजनों का दावा है कि समय पर इलाज, एम्बुलेंस और ऑक्सीजन की व्यवस्था नहीं होने के कारण 15 वर्षीय छात्रा शिवानी कुमारी की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों में स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ भारी नाराजगी है।जानकारी के अनुसार, चैनपुर के प्रेमनगर निवासी राजकुमार लोहरा की बेटी शिवानी कुमारी बुधवार सुबह स्कूल जाने की तैयारी कर रही थी। इसी दौरान उसे अचानक तेज सिरदर्द और उल्टियां शुरू हो गईं। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे तत्काल चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में छात्रा की गंभीर स्थिति के बावजूद न तो उसकी समुचित जांच की गई और न ही प्राथमिक उपचार दिया गया। कुछ देर बाद उसे सीधे गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। मृतका के पिता राजकुमार लोहरा ने बताया कि जब उन्होंने बेटी को गुमला या रांची ले जाने के लिए एम्बुलेंस मांगी, तो अस्पताल प्रबंधन ने एम्बुलेंस खराब होने और स्टार्ट नहीं होने की बात कही। उन्होंने आरोप लगाया कि करीब एक से दो घंटे तक इंतजार करने के बावजूद कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई।

बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार दो भाइयों की मौत

गिरिडीह । गिरिडीह जिले के तिसरी थाना क्षेत्र में बुधवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो भाइयों की मौत हो गई। हादसा तिसरी-गांवा मुख्य मार्ग पर भुराई मध्य विद्यालय के समीप हुआ, जहां एक तेज रफ्तार बोलेरो ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद बोलेरो चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।मृतकों की पहचान गुंगी गांव निवासी वितेक साव (25) और प्रिंस साव (22) के रूप में हुई है। दोनों भाई तिसरी चौक से बाजार कर बाइक से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान भुराई मध्य विद्यालय के पास सामने से आ रही बोलेरो से उनकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई।टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। हादसे के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और दोनों को तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही तिसरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त बाइक तथा बोलेरो को जब्त कर थाना ले गई। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया है।तिसरी थाना पुलिस के अनुसार मामले की जांच शुरू कर दी गई है। फरार बोलेरो चालक की तलाश की जा रही है।

पोनया एमईएमयू पैसेंजर ट्रेन रेयाक्
सुधरा़वाक् सो़मो़य-सूची

ता़रिक 21.07.2026 खो़न 63573 जसीडीह-किऊल एमईएमयू पैसेंजर,63423 जमालपुर-किऊल एमईएमयू पैसेंजर, **63424 किऊल-जमालपुर एमईएमयू पैसेंजर** आर **63156 बैद्यनाथधाम-जसीडीह एमईएमयू पैसेंजर** गा़डीको रेयाक् सो़मो़य-सूची रे नोडका लेका सुधरा़वाक् होयोक्आ :-

●**63573 जसीडीह-किऊल एमईएमयू पैसेंजरः सुधरा़वाक् सो़मो़य-सूचीः जसीडीह जंक्शनः** लाड़ाक्आ 10.45 बजे; लाहावनः सेटेरो़क्आ 10.57 बजे/**लाड़ाक्आ** 10.58 बजे; **टेलवा बाजार हॉल्टः** सेटेरो़क्आ 11.03 बजे / लाड़ाक्आ 11.04 बजे; **सिमुलतलाः** सेटेरो़क्आ 11.09 बजे / लाड़ाक्आ 11.10 बजे; **नरगंजो हॉल्टः** सेटेरो़क्आ 11.23 बजे / लाड़ाक्आ 11.24 बजे; **रजलाः** सेटेरो़क्आ 11.29 बजे /लाड़ाक्आ 11.30 बजे; **झाझाः** सेटेरो़क्आ 12.02 बजे / लाड़ाक्आ 12.05 बजे; **दादपुरः** सेटेरो़क्आ 12.13 बजे /लाड़ाक्आ 12.14 बजे; **गिद्धौरः** सेटेरो़क्आ 12.20 बजे /लाड़ाक्आ 12.22 बजे ; **चौराः** सेटेरो़क्आ 12.29 बजे / लाड़ाक्आ 12.30 बजे ; **जमुईः** सेटेरो़क्आ 12.39 बजे / लाड़ाक्आ 12.41 बजे ; **कुन्दर हॉल्टः** सेटेरो़क्आ 12.47 बजे / लाड़ाक्आ 12.48 बजे ; **शहीद जीतेन्द्रहॉल्ट गोपालपुरः** सेटेरो़क्आ 12.51 बजे /लाड़ाक्आ 12.52 बजे ; **भलूईः** सेटेरो़क्आ 12.55 बजे /लाड़ाक्आ 12.56 बजे ; **मननपुरः** सेटेरो़क्आ 13.03 बजे / लाड़ाक्आ 13.04 बजे ; **बंशीपुरः** सेटेरो़क्आ 13.12 बजे /लाड़ाक्आ 13.13 बजे ; **महेश लेट हॉल्टः** सेटेरो़क्आ 13.18 बजे / लाड़ाक्आ 13.19 बजे ; **किऊल जंक्शनः** सेटेरो़क्आ 14.10 बजे।

●**63423 जमालपुर-किऊल एमईएमयू पैसेंजर : सुधरा़वाक् सो़मो़य-सूचीः जमालपुर जंक्शनः** लाड़ाक्आ 12.45 बजे ; **सारोबागः** सेटेरो़क्आ 12.51 बजे / लाड़ाक्आ 12.52 बजे ; **दशरथपुरः** सेटेरो़क्आ 12.55 बजे /लाड़ाक्आ 12.56 बजे ; **धरहराः** सेटेरो़क्आ 13.02 बजे /लाड़ाक्आ 13.03 बजे ; **मसुदनः** सेटेरो़क्आ 13.09 बजे / लाड़ाक्आ 13.10 बजे ; **अभयपुरः** सेटेरो़क्आ 13.15 बजे / लाड़ाक्आ 13.16 बजे ; **घोगी बरियारपुरः** सेटेरो़क्आ 13.19 बजे /लाड़ाक्आ 13.20 बजे ; **कजराः** सेटेरो़क्आ 13.26 बजे /लाड़ाक्आ 13.27 बजे ; **उरैनः** सेटेरो़क्आ 13.33 बजे / लाड़ाक्आ 13.34 बजे ; **पवाई ब्रह्मस्थान हॉल्टः** सेटेरो़क्आ 13.38 बजे / लाड़ाक्आ 13.39 बजे; **धनौरीः** सेटेरो़क्आ 13.43 बजे /लाड़ाक्आ 13.44 बजे ; **रामपुर हॉल्टः** सेटेरो़क्आ 13.49 बजे /लाड़ाक्आ 13.50 बजे ; **किऊल जंक्शनः** सेटेरो़क्आ 14.35 बजे।

•**63424 किऊल-जमालपुर एमईएमयू पैसेंजरः सुधरा़वाक् सो़मो़य-सूचीः किऊल जंक्शनः** सेटेरो़क्आ 14.30 बजे ; **रामपुर हॉल्टः** सेटेरो़क्आ 14.35 बजे / लाड़ाक्आ 14.36 बजे ; **धनौरीः** सेटेरो़क्आ 14.41 बजे / लाड़ाक्आ 14.42 बजे ; **पवाई ब्रह्मस्थान हॉल्टः** सेटेरो़क्आ 14.47 बजे / लाड़ाक्आ 14.48 बजे ; **उरैनः** सेटेरो़क्आ 14.52 बजे / लाड़ाक्आ 14.53 बजे ; **कजराः** सेटेरो़क्आ 14.58 बजे / लाड़ाक्आ 14.59 बजे ; **घोगी बरियारपुरः** सेटेरो़क्आ 15.05 बजे / लाड़ाक्आ 15.06 बजे; **अभयपुरः** सेटेरो़क्आ 15.10 बजे / लाड़ाक्आ 15.11 बजे ; **मसुदनः** सेटेरो़क्आ 15.16 बजे / लाड़ाक्आ 15.17 बजे; **धरहराः** सेटेरो़क्आ 15.23 बजे / लाड़ाक्आ 15.24 बजे ; **दशरथपुरः** सेटेरो़क्आ 15.30 बजे लाड़ाक्आ 15.31 बजे ; **सारोबागः** सेटेरो़क्आ 15.34 बजे / लाड़ाक्आ 15.35 बजे; **जमालपुरः** सेटेरो़क्आ 16.00 बजे

● **63156 बैद्यनाथधाम-जसीडीह एमईएमयू पैसेंजरः सुधरा़वाक् सो़मो़य-सूचीः बैद्यनाथधामः** लाड़ाक्आ 10.23 बजे ; **सत्संग नगर हॉल्टः** सेटेरो़क्आ 10.26 बजे/ लाड़ाक्आ 10.27 बजे ; **जसीडीह जंक्शनः** सेटेरो़क्आ 10.41 बजे। **हा़पला़मः 63423 जमालपुर-किऊल एमईएमयू पैसेंजर** रेयाक् किऊल सेटेरो़क् (14.35 बजे) तायो़म नोआगे एमईएमयू रेक **63574 किऊल-जसीडीह एमईएमयू पैसेंजर** रूप रे 14.50 बजे (मेनाक्आक् सो़मो़य) मोहण्डक्आ। दोसार सेच्, **63573 जसीडीह-किऊल एमईएमयू पैसेंजर** किऊल (14.10 बजे) सेटेरो़क्आ, नोआ रेक किऊल खो़न **63424 किऊल-जमालपुर पैसेंजर** रूप रे 14.30 बजे मोहण्डाक्आ।

मुख्ययात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

19 जुलाई तक मतदाता अपने बीएलओ को इन्यूमरेशन फॉर्म जमा कर दें : के.रवि

संताल एक्सप्रेस

रांची। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि, राज्य में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर लगभग 96त्न मतदाताओं को इन्यूमरेशन फॉर्म उपलब्ध कराने का कार्य ससमय किया गया है। वैसे मतदाता जो एएसडीडी सूची के हो सकते है अथवा वैसे मतदाता जो मतदान केंद्र क्षेत्र से दूर रहने के कारण अपना इन्यूमरेशन फॉर्म जमा नहीं कर पाए हैं, अथवा किसी अन्य कारणवश, जिन्हें अभी तक इन्यूमरेशन फॉर्म प्राप्त नहीं हुआ हैं, वे ही शेष बचे हैं।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने राज्य के सभी पात्र भारतीय मतदाताओं से अनुरोध किया है, कि 19 जुलाई तक अपने बीएलओ से संपर्क करते हुए अपना भरा हुआ एवं हस्ताक्षर किया हुआ इन्यूमरेशन फॉर्म वापस जमा कर दें। उन्होंने कहा कि राज्य में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर इन्यूमरेशन फॉर्म वर्तमान मतदाता सूची के मतदाताओं तक उपलब्ध कराई गई है। अब बीएलओ, मतदाताओं द्वारा भरा हुआ एवं हस्ताक्षर किया हुआ इन्यूमरेशन फॉर्म वापस जमा करने का कार्य कर रहे हैं। के. रवि कुमार ने कहा है कि 22 जुलाई को बीएलओ एवं बीएलए-2 की इन्यूमरेशन फेज के दौरान तीसरी एवं अंतिम बैठक सभी मतदान केंद्रों पर निर्धारित है। उक्त बैठक में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बीएलए-2 के साथ बीएलओ एएसडीडी सूची को अंतिम रूप देंगें। जिसका प्रकाशन 5 अगस्त को मतदाता सूची के ड्राफ्ट पब्लिकेशन के साथ किया जाएगा। उन्होंने सभी मतदाताओं एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बीएलए -2 से आग्रह किया है कि मतदाताओं द्वारा भरा हुआ एवं हस्ताक्षर किया हुआ इन्यूमरेशन फॉर्म 19 जुलाई तक संबंधित बीएलओ को वापस जमा करना सुनिश्चित करें जिससे एसआईआर के इन्यूमरेशन फेज से सम्बंधित अन्य कार्य जैसे इन्यूमरेशन फॉर्म का डिजिटाइजेशन, मतदान केंद्र के मतदाताओं के अनुरूप रेशनलाईजेशन , इन्यूमरेशन फॉर्म द्वारा मतदाताओं से प्राप्त जानकारियों का सत्यापन एवं एएसडीडी सूची का अंतिम प्रकाशन को ससमय पूरा किया जा सके।

के. रवि कुमार ने कहा है कि वैसे मतदाता जिन्हें अभी भी इन्यूमरेशन फॉर्म नहीं प्राप्त हुआ है वे निम्न प्रकार से अपने बीएलओ से संपर्क कर अथवा ऑनलाइन माध्यम से अपना इन्यूमरेशन फॉर्म भरकर जमा कर सकते हैंअपने बीएलओ से संपर्क कर मतदाता अपने संबंधित बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं, जो उन्हें इन्यूमरेशन फॉर्म उपलब्ध कराएंगे और मतदाता उसे भरकर एवं हस्ताक्षर कर तुरंत अपने बीएलओ को हाथों हाथ जमा करेंगें। इन्यूमरेशन फॉर्म से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी और सहायता के लिए समर्पित हेल्पलाइन नंबर 1950 पर कॉल किया जा सकता है।

रक्षामंत्री ने किया दो नए स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन का उद्घाटन

संताल एक्सप्रेस

रांची । रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ ने बुधवार को कांके प्रखंड के काँके पंचायत स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कोल मैनेजमेंट परिसर के समीप बुधवार को पंचायत सचिवालय के बगल में 55 लाख रुपये की लागत से बनने वाले स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन का शिलान्यास किया। सेठ ने राजकीय उच्च विद्यालय, बोड़िया में सांसद निधि से 10 लाख रुपये की लागत से निर्मित दो नए कक्षा-कक्षों का भी उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त कक्ष बनने से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा और पढ़ाई सुचारु रूप से संचालित हो सकेगी।कार्यक्रम में मुख्या रूप से सांसद प्रतिनिधि अर्जुन राम, काँके प्रखंड उपप्रमुख अंजय बैठा, शुभम साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

नौकरी दिलाने के नाम पर रुपये लेने का आरोप

हिरणपुर (पाकुड़)। हिरणपुर स्थित विवाह भवन में बुधवार को उस समय हंगामा हो गया, जब नौकरी दिलाने के नाम पर रुपये लेने का आरोप लगाते हुए कई लोगों ने लखनपुर निवासी हसन अंसारी को घेर लिया और अपनी बकाया राशि लौटाने की मांग करने लगे। सूचना मिलने पर हिरणपुर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराया।बताया जाता है कि विवाह भवन में एक बैठक के दौरान कई लोग आरोपी के पास पहुंचे और नौकरी के नाम पर ली गई रकम वापस करने की मांग करते हुए विरोध जताने लगे। कुछ देर के लिए मौके पर तनावपूर्ण स्थिति बन गई।पीड़ित राजेश सोरेन डूमरघाटी, महेशपुर ने आरोप लगाया कि उनसे नौकरी दिलाने के नाम पर 80 हजार रुपये लिए गए थे।

वाहन जांच के दौरान पुलिसकर्मी को कुचलने वाला थार चालक गिरफ्तार

रांची । झारखंड की राजधानी रांची के मोरहाबादी क्षेत्र में वाहन जांच के दौरान पुलिसकर्मी को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल करने वाले थार चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित की पहचान बरियातू निवासी विश्राम उरांव के रूप में हुई है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त थार वाहन भी जब्त कर लिया है। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

गिरिडीह के बगोदर में 40 लाख की अवैध शराब से लदा ट्रक जब्त, चालक फरार

गिरिडीह। गिरिडीह जिले की बगोदर थाना पुलिस ने पश्चिम बंगाल से बिहार ले जाई जा रही करीब 40 लाख रुपये मूल्य की शराब और बीयर से लदे एक मालवाहक ट्रक को जब्त किया है। ट्रक से विभिन्न ब्रांड की करीब 600 पेटी शराब और बीयर बरामद की गई है। कार्रवाई के दौरान चालक पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गया।बुधवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) धनंजय राम और बगोदर थाना प्रभारी ने संयुक्त प्रेसवार्ता में बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर बगोदर थाना क्षेत्र के गेंदास्त्रुपी जंगल के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया। इसी दौरान संदिग्ध मालवाहक ट्रक को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक वाहन छोड़कर जंगल की ओर भाग निकला।पुलिस ने ट्रक की तलाशी लेने पर उसमें विभिन्न ब्रांड की शराब और बीयर की 600 पेटियां बरामद कीं। बरामद शराब की अनुमानित कीमत करीब 40 लाख रुपये आंकी गई है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि शराब की खेप पश्चिम बंगाल से बिहार में तस्करी के उद्देश्य से भेजी जा रही थी।

रातू में छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के छह आरोपित गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी

रांची । रांची के रातू थाना क्षेत्र में एक छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने छह आरोपितों को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य आरोपितों की तलाश जारी है।पुलिस के अनुसार, वारदात को छात्रा के साथ गए उसके परिचित युवक के दोस्तों ने अंजाम दिया। मामले में अन्य संदिग्धों की भी तलाश की जा रही है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पीड़िता रांची के तुपुदाना थाना क्षेत्र की रहने वाली है। वह अपने एक परिचित युवक के साथ रातू गई थी। इसी दौरान युवक के दोस्तों ने उसे बंधक बना लिया और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि घटना में सात से आठ लोग शामिल थे।पुलिस के अनुसार, यह घटना 12 जुलाई की है। पीड़िता ने मंगलवार (14 जुलाई) की देर शाम रातू थाना पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी दी। शिकायत मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई शुरू की और संदिग्धों की पहचान कर गिरफ्तारी अभियान चलाया।रांची के ग्रामीण पुलिस अधीक्षक गौरव गोस्वामी ने बुधवार को बताया कि मामले में अब तक छह आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है। उनसे पूछताछ की जा रही है ताकि घटना में शामिल अन्य लोगों की पहचान की जा सके।

रांची महापौर ने की अयोग्य लाभुकों को राशन कार्ड सरेंडर करने का अवसर देने की मांग

रांची । खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग, भारत सरकार के राइटफुल टार्गेटिंग अभियान के तहत प्राप्त सूची के आधार पर झारखंड सरकार ने जिलों को सत्यापन के बाद अयोग्य लाभुकों के नाम और राशन कार्ड विलोपित (डिलीट) करने का निर्देश दिया है। इसी क्रम में जिला आपूर्ति कार्यालय, रांची ने पात्रता नहीं रखने वाले लाभुकों को आर्थिक दंड की राशि जमा करने, राशन कार्ड जमा करने अथवा अपना पक्ष प्रस्तुत करने के लिए नोटिस जारी किया है।इस कार्रवाई के बीच आम नागरिकों की संभावित परेशानियों को देखते हुए रांची की महापौर रोशनी खलखो ने प्रशासन से मानवीय दृष्टिकोण अपनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि राज्य के अन्य जिलों में अयोग्य लाभुकों को स्वेच्छा से राशन कार्ड समर्पित करने अथवा अपना नाम हटवाने का अवसर दिया गया है।

सीओ ने दुकानदारों को 31 जुलाई तक वैध कागजात जमा करने का दिया नोटिस

संताल एक्सप्रेस

हिरणपुर (पाकुड़)। जबरदहा स्थित दैनिक हाट की जांच प्रक्रिया तेज कर दी गई है। बुधवार को अंचलाधिकारी पवन कुमार ने हाट में संचालित दुकानों के दुकानदारों को नोटिस जारी कर 31 जुलाई तक अपने सभी वैध दस्तावेज अंचल कार्यालय में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।जानकारी के अनुसार, केसर-ए-हिन्द जमीन के दाग संख्या 582 पर संरचना बनाकर कई दुकानें संचालित की जा रही हैं। इसे देखते हुए दुकानदारों से वैध बंदोबस्ती, अस्थायी बंदोबस्ती, पिंच रेंट सहित अन्य संबंधित अभिलेख जमा करने को कहा गया है। सीओ ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित तिथि तक आवश्यक कागजात प्रस्तुत नहीं करने पर संबंधित निर्माण और कब्जे को अतिक्रमण मानते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

इधर, प्रशासन द्वारा दैनिक हाट की बंदोबस्ती दुकानों का नए सिरे से आकलन भी किया जा रहा है। इस दौरान प्रत्येक दुकान के लिए आवंटित भूमि की निर्धारित माप, राजस्व भुगतान की स्थिति, बंदोबस्ती की वैधता तथा वर्तमान स्वरूप का सघन निरीक्षण किया जा रहा है। प्रशासन की इस कार्रवाई से हाट क्षेत्र के दुकानदारों में हलचल देखी जा रही है।

सीएसपी में अंगूठा लगाने के बाद एसबीआई खाते से 10,250 रुपये की अवैध निकासी

अमड़ापाड़ा(पाकुड़)। थाना क्षेत्र के आलूबेड़ा गांव निवासी आदिवासी महिला संजली मरांडी के एसबीआई बैंक खाते से दो किस्तों में कुल 10,250 रुपये की अवैध निकासी का मामला सामने आया है। घटना के बाद पीड़िता ने अमड़ापाड़ा थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद क्षेत्र के अन्य बैंक उपभोक्ताओं में भी चिंता का माहौल है। पीड़िता ने अपने आवेदन में बताया कि उनका भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) में बचत खाता संख्या 37031691066 है। वह अपने खाते से राशि निकालने के लिए बासमती स्थित ग्राहक सेवा केंद्र (सीएसपी) पहुंची थी। वहां मौजूद संचालक ने मॉर्फो (फिंगरप्रिंट) मशीन पर उनका अंगूठा लगवाया। कुछ देर बाद संचालक ने बताया कि उनके खाते में निकासी योग्य राशि उपलब्ध नहीं है। खाते में पैसे होने की जानकारी रहने के कारण उन्हें संदेह हुआ। इसके बाद वह सीधे एसबीआई की अमड़ापाड़ा शाखा पहुंचीं और खाते का स्टेटमेंट निकलवाया। बैंक से प्राप्त स्टेटमेंट की जांच करने पर पता चला कि उनके खाते से 3 जुलाई को 9,900 रुपये तथा 9 जुलाई को 350 रुपये यानी कुल 10,250 रुपये की निकासी पहले ही हो चुकी है। पीड़िता का कहना है कि इन दोनों तिथियों में उन्होंने न तो स्वयं कोई निकासी की और न ही किसी अन्य व्यक्ति को राशि निकालने की अनुमति दी।

ठोस कचरा प्रबंधन के लिए नगर निगम खरीदेगा 40 एकड़ जमीन

धनबाद। ठोस कचरा प्रबंधन के लिए निगम 40 एकड़ जमीन की खरीद करेगा। जमीन की पहचान कर ली गई है। जमीन कालियासोल अंचल में है। बुधवार को भूमि ऋय की प्रक्रिया और अन्य बिंदुओं पर आवश्यक निर्णय लेने के लिए उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में जिला नगर विकास भूमि ऋय समिति की उच्च स्तरीय बैठक हुई। उपायुक्त ने कहा कि यह परियोजना धनबाद नगर निगम क्षेत्र में उत्पन्न होने वाले ठोस कचरे के वैज्ञानिक निष्पादन, पर्यावरणीय मानकों के अनुपालन, दीर्घकालीन अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक सैनिटरी लैंडफिल के निर्माण की योजना है।मालूम हो की उपायुक्त इस समिति के अध्यक्ष हैं। वहीं नगर आयुक्त समिति के सदस्य सचिव हैं। जबकि अपर समाहर्ता, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, निबंधन कार्यालय गोविंदपुर के अवर निबंधक तथा अंचल अधिकारी कलियासोल समिति के सदस्य हैं।उपायुक्त ने बताया कि धनबाद नगर निगम क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए कलियासोल अंचल में लगभग 40 एकड़ भूमि चिह्नित की गई है। जहां सेनेटरी लैंडफिल निर्माण की योजना है। इसका सर्किल रेट भी उपलब्ध करा दिया गया है।

चाईबासा में फर्नीचर कारोबारी से 1.65 लाख की ठगी

चाईबासा । पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा में दिनदहाड़े शातिर ठगों ने एक फर्नीचर कारोबारी से 1.65 लाख रुपये से भरा बैग उड़ा लिया। सदर बाजार स्थित जैन चौक के पास हुई इस वारदात के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार गांधी टोला निवासी फर्नीचर व्यवसायी दीपक कुमार साव सुबह करीब 11¬45 बजे बैंक ऑफ इंडिया की सदर बाजार शाखा से 1.65 लाख रुपये निकालकर बाहर निकले थे। उन्हें अंदाजा भी नहीं था कि बैंक के अंदर से ही शातिर बदमाश उनकी हर गतिविधि पर नजर रखे हुए हैं। जांच में सामने आया है कि गिरोह का एक सदस्य सूट-बूट पहनकर और आईडी कार्ड के साथ सामान्य ग्राहक बनकर बैंक के अंदर मौजूद था, जबकि उसके साथी बाहर निगरानी कर रहे थे। बैंक से निकलने के बाद दीपक कुमार साव ने रुपयों से भरा बैग अपनी मोटरसाइकिल के हैंडल में टांग दिया।इसी दौरान एक ठग ने उन्हें आवाज देकर कहा कि आपका पैसा नीचे गिर गया है। जैसे ही उन्होंने नीचे झुककर देखा, गिरोह का दूसरा सदस्य तेजी से बैग उठाकर पहले से तैयार होंडा शाइन मोटरसाइकिल पर सवार होकर फरार हो गया।

मलेरिया जांच शिविर आयोजित

पाकुड़ । बुधवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. के. के. सिंह के नेतृत्व में ओपेन स्काई स्मार्ट स्कूल में मलेरिया जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में केटीएस राजकिशोर प्रसाद अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे। टीम में शांतनु मंडल, रंजन कर्मकार, उज्जवल मंडल, वहिदुज जमान, ध्रुपनन्दन ठाकुर एवं रीता सिंह शामिल थे।शिविर के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की मलेरिया जांच की गई। जांच के बाद राहत की बात यह रही कि किसी भी व्यक्ति में मलेरिया संक्रमण नहीं पाया गया।

वित्त मंत्री ने 10 दिव्यांगों के बीच ट्राई स्कूटी का किया वितरण

संताल एक्सप्रेस

पलामू । पलामू समाहरणालय में बुधवार दोपहर आयोजित एक समारोह के दौरान वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने आइडीबीआई बैंक के सीएसआर फंड से 10 दिव्यांगों के बीच ट्राई स्कूटी का वितरण किया। स्कूटी की प्रतिकात्मक चाभी वित्त मंत्री के अलावा जिले के उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, सदर एसडीओ अभिषेक पांडे और बैंक के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दिया।मौके पर वित्त मंत्री ने कहा कि दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 10 पेट्रोल चालित दिव्यांग तीन पहिया वाहनों का वितरण किया गया। इन वाहनों के मिलने से शारीरिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को आवागमन में काफी सुविधाएं मिलेगी।वित्त मंत्री ने झारखंड सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की प्रशंसा करते हुए कहा कि जनआकांक्षाओं पर खरा उतरने के लिए पूरी तरह प्रयासरत हैं। पलामू सहित पूरे राज्य में विधायिक-कार्यपालिका के बेहतर तालमेल से विकास तेजी से किया जा रहा है।मंत्री ने कहा कि गुजरात, मुम्बई, केरल की तरह झारखंड में भी बैंक सीडी रेसियो को बढाने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य के पास अपना राजस्व होता है। इसके अलावा केन्द्रीय करो में भी राज्य की हिस्सेदारी होती है, लेकिन मैं मानता हूं कि तीसरा स्त्रोत हमारे बैंकर्स होते हैं। बैंकों के माध्यम से भी प्रदेश का विकास किया जा सकता है। इसके लिए सीडी रोसियो को बढाने की जरूरत है। वे शुरू से ही इसके पक्षधर रहे हैं।

पूर्व एनडीए प्रत्याशी के आवास पर पुलिस की छापेमारी

संताल एक्सप्रेस /पाकुड़। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जानकीनगर गांव में बुधवार को पूर्व एनडीए प्रत्याशी सह पत्थर व्यवसायी अजहर इस्लाम के आवास पर पुलिस ने छापेमारी की। कार्रवाई जमीन विवाद से जुड़े मामले की जांच के सिलसिले में की गई। छापेमारी में नगर थाना, मुफस्सिल थाना और मालपहाड़ी ओपी की पुलिस संयुक्त रूप से शामिल रही। जानकारी के अनुसार संबंधित जमीन पर अनुमंडल दंडाधिकारी द्वारा धारा 144 लागू है। आरोप है कि मंगलवार को उक्त जमीन पर मजदूर लगाकर कार्य कराया जा रहा था, जिसकी शिकायत जमीन मालिक ने मुफस्सिल थाना में की थी। शिकायत मिलने के बाद पुलिस जांच के लिए मौके पर पहुंची, जहां पुलिस और अजहर इस्लाम के सहयोगियों के बीच कथित रूप से कहासुनी और धक्का-मुक्की की घटना हुई।इस मामले में मुफस्सिल थाना के अवर निरीक्षक रामदुलार सिंह के लिखित आवेदन पर कांड संख्या 96/2026 दर्ज किया गया है। प्राथमिकी में अजहर इस्लाम, उनके पिता अली अकबर, निजी सुरक्षा कर्मी, सहयोगियों तथा कुछ मजदूरों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है।एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि अनुमंडल दंडाधिकारी द्वारा जारी निषेधाज्ञा का उल्लंघन किया गया, पुलिस के साथ अभद्र व्यवहार और धक्का-मुक्की की गई।इसी मामले में जांच के लिए बुधवार को पुलिस ने उनके आवास पर छापेमारी की।इसी दौरान श्रम विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। निरीक्षण के क्रम में अजहर इस्लाम के बगीचे में कार्य कर रहे दो नाबालिग बच्चों को रेस्क्यू किया गया। श्रम विभाग द्वारा मामले की जांच की जा रही है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है ,और जांच के आधार पर आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

इंटर्नशिप के लिए पुणे रवाना हुए एमबीआईएनसीटी के विद्यार्थी

रांची । महादेवी बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड क्लीनिकल टेक्नोलॉजी (एमबीआईएनसीटी) के 28 विद्यार्थी छह माह की क्लीनिकल इंटर्नशिप के लिए पुणे स्थित आदित्य बिरला मेमोरियल हॉस्पिटल के लिए रवाना हुए। क्लीनिकल इंटर्नशिप के दौरान उन्हें आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं, उन्नत चिकित्सकीय प्रक्रियाओं तथा रोगी-केंद्रित देखभाल की व्यावहारिक जानकारी दी जायेगी। साथ ही अनुभवी चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए उन्हें अपने ज्ञान और कौशल को बढ़ाने का अवसर हासिल होगा।विद्यार्थियों को रवाना करने के अवसर पर महादेवी बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड क्लीनिकल टेक्नोलॉजी की प्राचार्या डॉ. सुबानी बाड़ा, नर्सिंग एडमिनिस्ट्रेटर श्री आशुतोष द्विवेदी, उप-प्राचार्या डॉ. मीनल श्वेता, श्रीमती निरोलिन कुल्लू एवं सुश्री अंजना मसीह उपस्थित रहीं।

डोरंडा कॉलेज के मुंडारी की नीड बेस्ड असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अमिया सुरीन का असामयिक निधन



रांची। झारखंड अस्सिस्टेंट प्रोफेसर कांट्रेक्ट्चुअल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ 0संजय कुमार झा ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय के डोरंडा कॉलेज के जनजातीय एवं मुंडारी की नीड बेस्ड असिस्टेंट प्रोफेसर 48 वर्षीय डॉ.अमिया सुरीन के असामयिक निधन से झारखंड का उच्च शिक्षा जगत काफी शोकाकुल है। उनके निधन ने एक बार फिर राज्य के लगभग 700 नीड बेस्ड असिस्टेंट प्रोफेसरों की दयनीय एवं असुरक्षित सेवा-स्थिति को चर्चा के केंद्र में ला दिया है। इसके बावजूद आज तक उन्हें नियमित सेवा का दर्जा, सेवा सुरक्षा, स्वास्थ्य बीमा, पेंशन, भविष्य निधि, पारिवारिक सुरक्षा अथवा अन्य सामाजिक सुरक्षा सुविधाएँ उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। ऐसे में प्रत्येक शिक्षक और उसके परिवार का भविष्य पूरी तरह अनिश्चित बना हुआ है।डॉ. अमिया सुरीन का निधन केवल एक शिक्षक की मृत्यु नहीं, बल्कि उस असुरक्षा का प्रतीक है, जिसमें वर्षों से सैकड़ों शिक्षक कार्य कर रहे हैं। संघ के शिक्षक यथा डॉ0प्रभाकर कुमार,डॉ0अवन्तिका कुमारी, डॉ.हर्षवर्द्धन , डॉ0संदीप कुमार,डॉ0वासुदेव प्रजापति,डॉ.अजय नाथ साहदेव, डॉ.तेतरु उरांव, डॉ0अन्नपूर्णा झा, डॉ0कंचन गीरि, डॉ0गजनाफर अलि,डॉ0बिंदेश्वर साहू आदि के साथ साथ सैकड़ों शिक्षक बंधुओं ने दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सरकार से मानवीय दृष्टिकोण अपनाने और नीड बेस्ड शिक्षकों के जीवन, सम्मान तथा भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की है।

वाई.बी.एन. विद्यालय 17 जुलाई को मनाएगा अपना 9वाँ स्थापना दिवस

रांची । वाई.बी.एन. विश्वविद्यालय अपने गौरवशाली स्थापना के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 17 जुलाई 2026 को विश्वविद्यालय परिसर में 9वाँ स्थापना दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाने जा रहा है। विश्वविद्यालय की स्थापना 17 जुलाई 2017 को झारखंड सरकार के अधिनियम के अंतर्गत की गई थी।इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री रामजी यादव, मुख्य प्रबंध निदेशक डॉ. अंकिता यादव, कुलपति डॉ. एस. पोद्दार, कुलसचिव डॉ. दीप्ति भार्गव सहित विश्वविद्यालय के अधिकारी, अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण, कर्मचारी, विद्यार्थी, पूर्व छात्र एवं विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ होगा। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय की उपलब्धियों पर आधारित प्रस्तुति, उत्कृष्ट विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का सम्मान, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा विश्वविद्यालय की भावी विकास योजनाओं पर विचार साझा किए जाएंगे।

युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने पर दिया गया जोर

गोड्डा। समाहरणालय सभागार में उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में मेरा युवा भारत , युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की जिला सलाहकार समिति की पहली बैठक आयोजित हुई। बैठक में माई भारत की अवधारणा, उद्देश्यों, गतिविधियों तथा जिला सलाहकार समिति की भूमिका और दायित्वों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में युवाओं को माई भारत से जोड़ने, उनके कौशल विकास, नेतृत्व क्षमता, स्वयंसेवा और राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। साथ ही माई भारत पोर्टल पर अधिक से अधिक युवाओं के पंजीकरण के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिले के सभी उच्च विद्यालयों, महाविद्यालयों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों में माई भारत नोडल अधिकारी एवं कैंपस एम्बेसडर का नामांकन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में उपायुक्त ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए बैठक में लिए गए निर्णयों का समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए गांव-टोलों, विशेषकर हंसडीहा से महागामा मार्ग पर सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाने का भी निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त विस्मृते श्रीकांत यशवंत सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

आंगनबाड़ी भवन की जमीन पर रातों-रात प्रतिमा स्थापित, ग्रामीणों ने की जांच की मांग

गोड्डा । जिले के अदाणी पावर के समीप स्थित माली पालगंजिया गांव में आंगनबाड़ी केंद्र की सरकारी भूमि को लेकर विवाद सामने आया है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस सरकारी भूमि पर वर्ष 1984 से आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हो रहा है और जहां आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए स्वीकृति भी मिल चुकी है, उसी स्थान पर भवन निर्माण कार्य को बाधित करने की नीयत से रातों-रात भारत रत्न एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कर दी गई। ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित भूमि पर वर्षों से आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है और विभाग द्वारा भवन निर्माण की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी थी। उनका आरोप है कि प्रतिमा स्थापित किए जाने के बाद निर्माण कार्य प्रभावित होने की आशंका उत्पन्न हो गई है, जिससे सरकारी योजना पर संकट खड़ा हो गया है।ग्रामीणों ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र गांव के छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं को पोषण, स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण केंद्र है। यदि भवन निर्माण कार्य बाधित होता है तो इसका सीधा असर इन लाभुकों पर पड़ेगा। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर पूरे देश के लिए सम्मान और श्रद्धा के प्रतीक हैं तथा उनके प्रति सभी ग्रामीण गहरी आस्था रखते हैं। उनका कहना है कि यदि किसी महापुरुष के नाम या प्रतिमा का इस्तेमाल सरकारी विकास कार्य को रोकने अथवा विवाद उत्पन्न करने के उद्देश्य से किया गया है, तो इसकी निष्पक्ष जांच कर सच्चाई सामने लाई जानी चाहिए।

नाले पर रखी हजारों ईंटें, स्लैब टूटने की आशंका से स्थानीय लोग चिंतित

गोड्डा । शहर के परसा चौक स्थित नवनिर्मित नाले के स्लैब पर हजारों की संख्या में ईंट रखकर व्यवसाय किए जाने से स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। लोगों का आरोप है कि भारी वजन के कारण नाले का स्लैब दब रहा है तथा कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त होने लगा है। यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो नाले के टूटने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

सीपीएम की 22 जुलाई को किसान रैली 10 अगस्त जेल भरो आंदोलन का ऐलान

जामताड़ा। सीपीएम जिला कार्यालय में बुधवार को वरिष्ठ जिला कमेटी सदस्य लखनलाल मंडल की अध्यक्षता में जनरल बॉडी बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य सचिव मंडल सदस्य सुरजीत सिन्हा ने केंद्रीय कमेटी के निर्णयों से कार्यकर्ताओं को अवगत कराते हुए देश की वर्तमान राजनीतिक और आर्थिक परिस्थितियों पर विस्तार से विचार रखे।सुरजीत सिन्हा ने महंगाई, बेरोजगारी, पेपर लीक, किसानों की समस्याओं और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को उठाते हुए केंद्र सरकार पर जनहित की अनदेखी का आरोप लगाया। उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर भी चिंता व्यक्त की और मतदाता सूची में किसी पात्र मतदाता का नाम नहीं छूटने देने की अपील की।बैठक में निर्णय लिया गया कि किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी, खाद की किल्लत और कालाबाजारी के विरोध में 22 जुलाई को जिला मुख्यालय में किसान रैली निकाली जाएगी। वहीं 10 अगस्त को विभिन्न जन संगठनों के साथ देशव्यापी जेल भरो आंदोलन में जिले से भी भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।जिला कमेटी सदस्य चंडी दास पुरी ने एसआईआर अभियान की जानकारी देते हुए 29 जुलाई तक प्रपत्र भरकर बीएलओ को जमा करने की अपील की। बैठक में विजय राणा, सचिन राणा, इब्राहिम मियां, साबिर अंसारी, गोविंद पंडित, लखी राम मुर्मू, लखी सोरेन, सुकुमार बाउरी, अशोक भंडारी, मोहन मंडल और प्रेम हांसदा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। अंत में प्रभारी सचिव संजय मेहता ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का आह्वान किया।

मिहिजाम में स्वर्ण व्यवसायियों के साथ पुलिस की बैठक

मिहिजाम। शहर में स्वर्ण आभूषण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से बुधवार को मिहिजाम थाना परिसर में थाना प्रभारी प्रदीप राणा की अध्यक्षता में स्वर्ण व्यवसायियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मिहिजाम के बड़ी संख्या में ज्वेलर्स एवं मिहिजाम स्वर्ण व्यवसाय संघ के पदाधिकारी शामिल हुए।थाना प्रभारी प्रदीप राणा ने सभी व्यवसायियों से अपनी दुकानों में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे, मजबूत ताले, अलार्म सिस्टम तथा अन्य आधुनिक सुरक्षा उपकरण अनिवार्य रूप से लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रहने से किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में अपराधियों की पहचान और कार्रवाई में आसानी होगी।

जामताड़ा में विद्यार्थियों ने नाटक और चित्रकला से दिया सामाजिक संदेश

जामताड़ा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार जामताड़ा की ओर से बुधवार को सावित्री देवी डीएवी पब्लिक स्कूल में 90 दिवसीय गहन विधिक जागरूकता अभियान के तहत विशेष विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव पवन कुमार, विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. विजय कुमार तथा लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ता उत्तम कुमार ने संयुक्त रूप से किया।अपने संबोधन में सचिव पवन कुमार ने विद्यार्थियों को शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह, बाल श्रम, नशा मुक्ति, सड़क दुर्घटना से जुड़े कानूनी प्रावधानों और साइबर अपराध से बचाव के उपायों की जानकारी देते हुए कानून के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ. विजय कुमार ने की।

फतेहपुर सड़क हादसे में छः वर्षीय छात्र की मौत, चार घंटे तक सड़क जाम

संताल एक्सप्रेस

फतेहपुर (जामताड़ा)। फतेहपुर प्रखंड के बिंदापाथर थाना क्षेत्र के गोविंदपुर-साहेबगंज स्टेट हाईवे पर धसनिया के समीप मंगलवार दोपहर हुई एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। स्कूल से घर लौट रहे छह वर्षीय छात्र की तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों की चीख-पुकार और ग्रामीणों का आक्रोश सड़क पर फूट पड़ा। गुस्साए लोगों ने शव को सड़क पर रखकर करीब चार घंटे तक गोविंदपुर-साहेबगंज स्टेट हाईवे जाम कर दिया। इस दौरान डंपर चालक, स्कूल वाहन चालक और स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई तथा पीड़ित परिवार को तत्काल मुआवजा देने की मांग की गई। मृतक की पहचान हरनादह गांव

निवासी लालटू यादव के छह वर्षीय पुत्र नीलेश कुमार यादव के रूप में हुई है। वह एसआर पब्लिक स्कूल, दक्षिणबहाल में एलकेजी का छात्र था। बताया जाता है कि उसकी मां रीता कुमारी किसी निजी कार्य से अपने मायके धसनिया गई थीं। इसी कारण परिजनों ने स्कूल वाहन चालक से छुट्टी के बाद बच्चे को धसनिया स्थित उसके ननिहाल में उतारने का अनुरोध किया था। प्रत्यक्षदर्शियों और ग्रामीणों के अनुसार स्कूल वाहन चालक ने बच्चे को सड़क के सुरक्षित किनारे उतारने के बजाय विपरीत दिशा में उतार दिया। मासूम जैसे ही अपनी मां के पास जाने के लिए सड़क पार करने लगा, उसी समय दुमका की ओर से तेज गति से आ रहे डंपर (संख्या जेएच-08बी-9888) ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि बच्चे की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन पुलिस ने डंपर को जब्त कर लिया। चालक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के गांवों से सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। बेटे का शव देखकर मां रीता कुमारी और पिता लालटू यादव का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिजनों की चीख-पुकार से पूरा माहौल गमगीन हो गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर हाईवे जाम कर दिया। देखते ही देखते दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और करीब चार घंटे तक आवागमन पूरी तरह ठप रहा। कई यात्री घंटों जाम में फंसे रहे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि स्कूल प्रबंधन बच्चों की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह लापरवाह है।

महागामा में नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल संपन्न

महागामा संवाददाता । जिला प्रशासन, गोड्डा के निर्देश पर बुधवार को महागामा अनुमंडल क्षेत्र में शाम 5ः00 बजे से 7ः00 बजे तक नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान ब्लैकआउट, हवाई हमले जैसी आपात स्थिति में बचाव एवं राहत कार्यों का अभ्यास कराया गया। मॉक ड्रिल का उद्देश्य नागरिकों को आपदा की स्थिति में सतर्क रहना, घबराए बिना सही तरीके से प्रतिक्रिया देना तथा प्रशासन की तैयारियों का आकलन करना था।मॉक ड्रिल के दौरान सायरन बजाकर लोगों को अलर्ट किया गया। प्रशासन की ओर से नागरिकों से अपील की गई कि वे घबराएं नहीं, बल्कि अधिकारियों के निर्देशों का पालन करें। ब्लैकआउट के दौरान घरों की लाइटें बंद रखने, वाहनों की हेडलाइट बंद रखने, जनरेटर, इन्वर्टर, टॉर्च एवं अन्य वैकल्पिक प्रकाश व्यवस्था का उपयोग नहीं करने तथा खिड़कियों को मोटे पर्दों से ढकने का अनुरोध किया गया। साथ ही प्रशासन की निकासी (इवैक्यूएशन) योजना में सहयोग करने और अस्थायी रूप से बंद किए गए मार्गों का पालन करने की भी अपील की गई।जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यह केवल एक अभ्यास था, जिसका उद्देश्य लोगों में जागरूकता बढ़ाना और किसी भी संभावित आपदा के दौरान त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करना है। प्रशासन ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा शांतिपूर्वक सहयोग करने की अपील की।मॉक ड्रिल के दौरान महागामा अनुमंडल पदाधिकारी आलोक वरण केसरी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरुण रजक, पुलिस निरीक्षक उपेंद्र महतो, प्रखंड विकास पदाधिकारी सोनाराम हांसदा, अंचल अधिकारी खगेन महतो, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. खालिद अंजुम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं सुरक्षा बल के जवान मौजूद रहे।

जेएसएससी परीक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट

जामताड़ा। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को एसजीएसवाई प्रशिक्षण भवन सभागार में झारखंड क्षेत्रीय कार्यकर्ता संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2024 की तैयारियों को लेकर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों और केंद्राधीक्षकों की ब्रीफिंग हुई। उपायुक्त ने कहा कि 19 जुलाई को जिले के 16 परीक्षा केंद्रों पर तीन पालियों में आयोजित होने वाली परीक्षा में 4380 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त माहौल में कराने के लिए आयोग की एसओपी का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए।उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर सघन फ्रिस्किंग, पहचान सत्यापन, पेयजल, बिजली, शौचालय, सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए भी विशेष इंतजाम करने के निर्देश दिए गए।बैठक में पुलिस अधीक्षक शम्भू कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त असीम किस्पोट्टा, आईटीडीए परियोजना निदेशक जुगनू मिंज, अपर समाहर्ता पूनम कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार, सत्यप्रकाश, पंकज कुमार रवि, चार्ल्स हेंब्रम और सुजीत कुमार सिंह सहित दंडाधिकारी, पुलिस अधिकारी, ऑब्जर्वर एवं केंद्राधीक्षक उपस्थित रहे।

विश्व आदिवासी दिवस की तैयारी को लेकर बैठक, मुख्य अतिथि होंगे चंपई सोरेन

संवाददाता नाला(जामताड़ा)। आगामी 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के आयोजन को लेकर बुधवार को नुतुनडी मैदान में आदिवासी सांवता सुसार अखाड़ा के बैनर तले आदिवासी समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शिवधन हेम्ब्रम ने की, जिसमें आयोजन की रूपरेखा, तैयारियों और जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन आदिवासी सांवता सुसार आखड़ा के बैनर तले भव्य रूप से किया जाएगा। आयोजन का मुख्य उद्देश्य आदिवासी समाज की एकजुटता को मजबूत करना तथा विलुप्त होती आदिवासी संस्कृति, परंपरा और विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति लोगों को जागरूक करना रहेगा।बैठक में जानकारी दी गई कि समारोह में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उनके आगमन को लेकर भी तैयारियों पर चर्चा की गई।आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन करते हुए सदस्यों के बीच जिम्मेदारियों का बंटवारा किया गया। साथ ही समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की गई।बैठक को पूर्व जिला परिषद सदस्य सुकमणि हेंब्रम, किरण कुमारी बेसरा तथा मुखिया निर्मला सोरेन ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने आदिवासी समाज से अपनी सांस्कृतिक पहचान और परंपराओं को सहेजने के लिए संगठित होकर कार्य करने का आह्वान किया।बैठक में मुख्य रूप से रंजीत मारांडी, दारा सिंह हेम्ब्रम, पानेश्वर किस्कू, सुखमणि हेंब्रम, किरण कुमारी सोरेन, रामदेव सोरेन, हीरालाल मुर्मू, श्यामलाल हांसदा, नगेन मारांडी, डेविड मारांडी, सुकेन्द्र टुडू, सत्यदेव सोरेन, कुम्पांडर सोरेन, जिया मुनि हेंब्रम, बाबूश्वर मुर्मू, संतान हेंब्रम, छोटेलाल , सुखदेव बास्की, गौतम बेसरा, अर्जुन टुडू, पवन मारांडी सहित बड़ी संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

शिक्षकों की मासिक समीक्षा बैठक

करमाटांड़। प्रखंड अंतर्गत राजकीयकृत गुलाब राय गुटगुटिया प्लस टू विद्यालय में बुधवार को प्रखंड के सभी कोटि के विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों, बीआरपी, सीआरपी एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के साथ-साथ दिव्यांग एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के शत-प्रतिशत नामांकन को सुनिश्चित करने हेतु विशेष नामांकन अभियान पर प्रखंड स्तरीय बैठक भी संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सर्किल मरांडी ने की, जबकि संचालन प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सावित्री किस्कू ने किया।

झारखंड क्षेत्रीय कार्यकर्ता प्रतियोगिता परीक्षा 19 जुलाई को

गोड्डा। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित झारखंड क्षेत्रीय कार्यकर्ता संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा- 2024 का आयोजन 19 जुलाई को जिले के 17 परीक्षा केंद्रों पर तीन पालियों में कराया जाएगा। परीक्षा के सफल, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त संचालन को लेकर बुधवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त लोकेश मिश्रा और पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने सभी केंद्राधीक्षकों, दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को आयोग की ओर से जारी दिशा-निर्देशों और मानक संचालन प्रक्रियाका अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा पूरी पारदर्शिता, गोपनीयता और विश्वसनीयता के साथ संपन्न कराई जाएगी तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।परीक्षा की प्रथम पाली सुबह 8ः30 से 10ः30 बजे, द्वितीय पाली 11ः30 से 1ः30 बजे तथा तृतीय पाली अपराह्न 3ः30 से 5ः30 बजे तक होगी। प्रथम एवं द्वितीय पाली के अभ्यर्थियों के लिए रिपोर्टिंग समय सुबह 7 बजे तथा गेट बंद होने का समय सुबह 8 बजे निर्धारित किया गया है। वहीं तृतीय पाली के लिए रिपोर्टिंग समय दोपहर 2 बजे और गेट बंद होने का समय अपराह्न 3 बजे रहेगा। गोड्डा और पोड़ैयाहाट के कुल 17 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित होगी।

महागामा में आउटरीच और अवेयरनेश प्रोग्राम आयोजित

गोड्डा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रधान जिला जज रमेश कुमार एवं सचिव दीपक कुमार के निर्देश पर बुधवार को महागामा प्रखंड के घाट गम्हरिया पंचायत भवन में जनसंपर्क एवं जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान डालसा की ओर से गठित टीम ने ग्रामीणों को कानून का पाठ पढ़ाया। मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल की डिप्टी चीफ रीतेश कुमार सिंह ने ग्रामीणों को नालसा की योजना मानव तस्करी व वाणिज्यिक यौन शोषण के पीड़ितों को कानूनी सहायता, सुरक्षा व पुनर्वास स्कीम पर प्रकाश डाला। कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य मानव तस्करी और वाणिज्यिक यौन शोषण के पीड़ितों को कानूनी सहायता, सुरक्षा और पुनर्वास प्रदान करना है।इसके तहत मानव तस्करी के शिकार लोगों को सुरक्षित निकालना और उन्हें सुरक्षा प्रदान करना, पीड़ितों को अदालती कार्यवाही, एफआईआर दर्ज कराने और मुआवजा दिलाने के लिए मुफ्त कानूनी वकील उपलब्ध कराना, पुनर्वास और सामाजिक एकीकरण कर पीड़ितों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना, उन्हें आश्रय परामर्श, और कौशल विकास प्रदान करना, तस्करी के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों में लोगों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों (जैसे पुलिस) को जागरूक करना शामिल है।इस योजना का लाभ पाने वालों में वे आते हैं जो वाणिज्यिक यौन शोषण या वेश्यावृत्ति के दलदल में धकेले गए हैं। इसमें महिलाएं, पुरुष और विशेष रूप से बच्चे (नाबालिग) शामिल हैं। इन पीड़ितों को पुलिस स्टेशन, अदालत और सुधार गृहों में मुफ्त कानूनी सहायता दी जाती है।कानूनी सेवा प्राधिकरण यह सुनिश्चित करता है कि पीड़ित का बयान सही तरीके से और बिना किसी डर के दर्ज किया जाए।

नाला में मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने पर जोर

संवाददाता नाला (जामताड़ा)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार बुधवार को नाला प्रखंड के नाला में ग्राम पंचायत कांग्रेस कमिटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष समर माजी ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत मतदाता सूची के पुनरीक्षण, मतदाता प्रपत्र भरने की प्रक्रिया तथा संगठन की भूमिका पर विस्तार से चर्चा करना था।बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रतिनिधि प्रभु मंडल, जिला कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष विजय कुमार दुबे तथा जिला कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष पंकज झा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए शत-प्रतिशत पात्र मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि एसआईआर अभियान के दौरान किसी भी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची से छूटने न पाए, इसके लिए सभी कार्यकर्ता पूरी जिम्मेदारी के साथ लोगों को जागरूक करें और आवश्यक प्रपत्र भरने में उनकी सहायता करें।बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा जारी दिशा-निर्देशों से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया गया।नेताओं ने कहा कि बूथ स्तर पर कांग्रेस कार्यकर्ता सक्रिय भूमिका निभाते हुए प्रत्येक पात्र मतदाता तक पहुंचें और उन्हें निर्वाचन आयोग की प्रक्रिया के संबंध में जागरूक करें।

विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

फतेहपुर। विधिक सेवा प्राधिकार जामताड़ा के निर्देश अनुसार बुधवार को फतेहपुर प्रखंड के अंतर्गत कोड़ापाडा गांव में उपस्थित अधिकार मित्र साधन मंडल और मुकेश कुमार मंडल ने 90 दिवसीय अभियान के तहत विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अभियान में ग्रामीणों के डोर टू डोर जाकर आउटरीच कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामीणों के बीच मुख्य रूप से श्रम विभाग द्वारा संचालित कल्याणकारी योजना डायन प्रथा, बाल विवाह, नशा मुक्ति आशा स्कीम जागृति योजना, निशुल्क विधिक सहायता सरकार द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजना के बारे में भी जानकारी दिया गया।

प्राथमिक विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक निलंबित, पारा शिक्षक की वेतनवृद्धि पर रोक

संताल एक्सप्रेस

जामताड़ा। करमाटांड़ प्रखंड के सकलपुर प्राथमिक विद्यालय में अनुशासनहीनता और शैक्षणिक लापरवाही के मामले में जिला शिक्षा अधीक्षक विकेश कुणाल प्रजापति ने कड़ी कार्रवाई की है। बुधवार को विद्यालय का औचक निरीक्षण करने के बाद प्रभारी प्रधानाध्यापक इनामुल हक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। वहीं पारा शिक्षक दिनेश कुमार मंडल की वार्षिक चार प्रतिशत वेतनवृद्धि पर रोक लगा दी गई तथा संबंधित संकुल संसाधन सेवी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की गई।बताया गया कि हाल ही में विद्यालय का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें छात्र नशा मुक्ति अभियान के बैनर के साथ अनुचित व्यवहार करते नजर आए थे। शिकायतकर्ता अरुण मंडल ने वीडियो साझा कर मामले को उजागर किया था। जांच में प्रथम दृष्ट्या आरोप सही पाए जाने पर डीएसई ने सख्त कदम उठाया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विद्यालयों में अनुशासन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बच्चों के हितों से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा तथा दोषियों के विरुद्ध आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

टावर चौक में अतिक्रमण हटाने पहुंचे प्रशासन का लोगों ने किया विरोध

जामताड़ा। टावर चौक से न्यू टाउन जाने वाली सड़क पर बुधवार को नगर पंचायत जामताड़ा की अतिक्रमण हटाओ कार्रवाई स्थानीय लोगों के विरोध के कारण बीच में ही रोकनी पड़ी। उपायुक्त आलोक कुमार के निर्देश पर नगर पंचायत की टीम पुलिस बल के साथ एक चाय दुकान हटाने पहुंची थी, लेकिन लोगों ने न्यायालय में मामला लंबित होने का हवाला देते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।इस दौरान कांग्रेस नेता इरशादुल हक आरसी और विनोद छेत्री ने स्वास्थ्य मंत्री सह जामताड़ा विधायक डॉ. इरफान अंसारी को पूरे मामले की जानकारी दी। इसके बाद प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई स्थगित कर दी।नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खण्डैत ने बताया कि कार्रवाई जनता दरबार में मिली शिकायत के आधार पर की जा रही थी। वहीं अंचल अधिकारी सह बीडीओ अबिश्वर मुर्मू ने कहा कि आगे की कार्रवाई न्यायालय और कानून के निर्देशों के अनुरूप ही होगी।मौके पर थाना प्रभारी मनोज कुमार महतो, सोमा खण्डैत, अबिश्वर मुर्मू, नगर पंचायत कर्मी सौरभ झा, निताई मंडल सहित पुलिस बल और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

फतेहपुर में पेयजल का अभाव, ग्रामीण परेशान

फतेहपुर (जामताड़ा)। फतेहपुर प्रखंड अंतर्गत अगैया सरमुंडी पंचायत के कालीपाथर गांव स्थित मिर्धा टोला में पिछले तीन महीने से चापाकल बंद रहने के कारण सात घरों की लगभग 50 की आबादी गंभीर पेयजल संकट का सामना कर रही है। चापाकल खराब होने से ग्रामीणों, खासकर महिलाओं को करीब 700 मीटर दूर रास मेला परिसर स्थित चापाकल से पानी लाकर दैनिक जरूरतें पूरी करनी पड़ रही हैं। इससे ग्रामीणों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। गांव की महिलाओं ने बताया कि इस समस्या को लेकर पंचायत के मुखिया उमेश्वर मुर्मू को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिला है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द चापाकल की मरम्मत कर पेयजल व्यवस्था बहाल करने की मांग की है। मौके पर भाजपा नेता अमित भैया ने बताया कि पंचायत में फंड रहने के बाद भी ऐसा हाल चापाकल का रहना काफी दुःखद है।

नाला जेएसएलपीएस कार्यालय में डीपीएम की समीक्षा बैठक

संवाददाता नाला ।जामताड़ा के जिला परियोजना प्रबंधक (डीपीएम) राहुल रंजन ने बुधवार को नाला प्रखंड मुख्यालय के समीप स्थित जेएसएलपीएस (झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी) कार्यालय का दौरा कर योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने बीपीएम सहित अन्य पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ बैठक कर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की।बैठक में ओएसएफ के तहत ऋण स्वीकृति से संबंधित मामलों की समीक्षा की गई। डीपीएम ने प्राप्त आवेदनों का अवलोकन करते हुए ऋण मंजूरी की प्रगति की जानकारी ली तथा प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।उन्होंने कार्यालय की कार्यप्रणाली, योजनाओं के क्रियान्वयन तथा विभिन्न गतिविधियों का भी निरीक्षण किया और समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से कार्यों के निष्पादन पर जोर दिया।

डिजिटल बिरसा कृषि रथ पहुंचा कुंडहित बीडीओ ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

कुंडहित (जामताड़ा)। डिजिटल बिरषा कृषि रथ को वुधवार को कुंडहित प्रखंड मुख्यालय से बीडीओ जमाले राजा एंव उप परियोजना निदेशक आत्मा जामताड़ा संजय कुमार सिंह के द्वारा हरि झंडी दिखा कर रवाना किया गया। डिजिटल कृषि रथ कुंडहित प्रखंड के सभी पंचायत के सभी गांवों में पूर्व निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार आगामी तीन दिनों तक भ्रमण करेगा । जिसमें वर्तमान में चल रही कृषि, आत्मा ,उद्यान इत्यादि समस्त कृषि से संबंधित सभी विभागों की जानकारी सुदूरवर्ती ग्रामीण किसान भाइयों तक पहुंचाएगा। भ्रमण क्रम में आज रथ प्रखंड के कुंडहित, बाबूपुर, बनकटी, पलाज़ोड़ी, गरजोड़ी पंचायत के विभिन्न गांवों में घूम घूम कर कृषि योजनाओं के बारे में जानकारी देंगे। इस दौरान आत्मा उप परियोजना निदेशक संजय कुमार सिंह ने बताया डिजिटल बिरसा कृषि रथ के माध्यम से किसानों को मिलेट मिशन संबंधित योजना, सुक्ष्म सिंचाई कृषि समृद्धि योजना अंतर्गत सोलर पम्प सेट, मृदा स्वास्थ्य, जैविक खेती, जल प्रबंधन, बीज उपचार, यांत्रीकरण, किसान क्रेडिट कार्ड आदि संबंधित जानकारी उपलब्ध जाएगी। मौके पर बीटीएम सुजीत कुमार सिंह, बीईओ मनोरंजन मिर्धा, एटीएम अमीर हेंब्रम,सभी कृषक मित्र एवं प्रगतिशील किसान उपस्थित थे।

किसान मित्रों और किसानों को मिलेट मिशन के खेती पर दिया गया जोर

संवाददाता (जामताड़ा)। कुंडहित प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड सभागार में कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया । किसान गोष्ठी में आत्मा के उप परियोजना निदेशक संजय कुमार सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने उपस्थित किसान मित्रों एंव किसानों को जानकारी देते हुए बताया झारखण्ड मिलेट मिशन योजन के तहत चल रहे रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया की जानकारी तथा योजना के तहत खेती करने वाले किसानों को प्रति एकड़ 3000 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि, एंव खरीफ मौसम में दलहन की खेती करने की जानकारी दी गई। मौके पर बीटीएम सुजीत सिंह ने बताया मोटे अनाज की खेती कम पानी एवं ऊपरी जमीन पर किया जाता है। यह मोटे अनाज बाजार में ऊंची दम पर बिक्री होती है। जहां किसानों को अच्छा आमदनी होगी। साथ ही मोटे अनाज की खेती करने वाले किसानों को सरकार की ओर से प्रति एकड़ 3000 हजार रुपए का प्रोत्साहन राशि दिया जाता है। उन्होंने बताया इस साल वर्षापात के कमी को देखते हुए सरकार ने किसानों को वैकल्पिक पर जोर दिया है। उन्होंने किसानों को वैकल्पिक फसलों को लगाने हेतु बिस्तार जानकारी दी गई। बीटीएम ने केसीसी कृषि समृद्धि योजना एवं पीएम कुसुम योजना के तहत मिले वाले सोलर पंप एवं कृषि सिंचाई योजन अंतर्गत ड्रिप से खेती की आधुनिक तकनीक अपनाने हेतु किसानों को जानकारी दी गई। मौके पर बीटीएम सुजीत सिंह, प्रभारी बीईओ मनोरंजन मिर्धा सहित काफी संख्या में किसान मित्रों एंव किसान उपस्थित थे।

[illegible]

[illegible]

"मेरे पास दिन-रात रहते हैं महाप्रभु परमेश्वर, यह बात याद कर हृदय में पूजूँगा उन्हें निरंतर।"

[illegible]



[illegible]

पाकुड़ की खबरें

नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

पाकुड़ ।बुधवार को ईस्टर्न रेलवे, हावड़ा मंडल के अंतर्गत पाकुड़ रेलवे स्टेशन परिसर में महिला रेल कर्मचारियों एवं रेलवे कर्मचारियों के परिवारजनों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 60 महिला कर्मचारियों, उनके परिवारों तथा बालिकाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। जांच के दौरान आवश्यकता के अनुसार चिकित्सकीय परामर्श भी दिया गया। जिन मरीजों की विस्तृत जांच आवश्यक पाई गई, उन्हें आगे की चिकित्सा एवं परीक्षण के लिए रामपुरहाट रेलवे अस्पताल रेफर किया गया। शिविर में हावड़ा रेलवे अस्पताल से ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ डॉ. दीपा अरुण तथा रामपुरहाट हेल्थ यूनिट से डॉ. अब्दुल समीम मियां ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं।इस अवसर पर बताया गया कि बेहतर और सुलभ चिकित्सा प्रत्येक सप्ताह रेलवे चिकित्सक की उपलब्धता सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को उपचार के लिए अन्यत्र भटकना न पड़े।

वाहन जांच अभियान चलाया गया

महेशपुर (पाकुड़)। महेशपुर थाना क्षेत्र के सोनारपाड़ा चेकपोस्ट पर मंगलवार देर शाम थाना प्रभारी रवि शर्मा के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करना और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाना था।जांच के दौरान पुलिस ने बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने, बिना सीट बेल्ट चारपहिया वाहन चलाने, तेज रफ्तार और नशे की हालत में वाहन चलाने वालों की जांच की। इसके अलावा वाहनों के आवश्यक दस्तावेज, ड्राइविंग लाइसेंस एवं अन्य कागजातों का भी सत्यापन किया गया।थाना प्रभारी रवि शर्मा ने बताया कि अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कई वाहन चालकों को रोककर नियमों की जानकारी दी गई और भविष्य में नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी गई।उन्होंने सभी वाहन चालकों से अपील की कि वे हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें, निर्धारित गति सीमा का पालन करें तथा सुरक्षित और जिम्मेदारीपूर्ण ढंग से वाहन चलाकर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में सहयोग करें।

मनरेगा में अनियमितता का आरोप, कागजों में पूरी हुई बागवानी और कुआं योजना, जमीन पर नहीं दिखा कार्य

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़। जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत कथित अनियमितता का एक मामला सामने आया है। आरोप है कि हिरणपुर प्रखंड की मंझलाडी पंचायत अंतर्गत रघुनाथपुर गांव में एक लाभुक के नाम पर स्वीकृत आम बागवानी एवं सिंचाई कुआं योजना में कागजी तौर पर कार्य पूर्ण दिखाकर लाखों रुपये की निकासी कर ली गई, जबकि मौके पर योजना का लाभ दिखाई नहीं देता।

जानकारी के अनुसार, रघुनाथपुर निवासी सिताराम मुर्मू के नाम पर आम बागवानी एवं सिंचाई कुआं योजना स्वीकृत हुई थी। आरोप है कि योजना के तहत लगभग 3,42,704 रुपये की राशि की निकासी कर ली गई, लेकिन जमीन पर न तो बागवानी का अस्तित्व है और न ही कुआं पूरी तरह तैयार है।

लाभुक की मां ने आरोप लगाया कि उनकी जमीन पर आज तक एक भी आम का पेड़ मौजूद नहीं है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत 100 आम के पौधे लगाए जाने की बात कही गई थी, लेकिन वर्तमान में एक भी पौधा नहीं है। वहीं सिंचाई के लिए स्वीकृत कुआं भी अधूरा पड़ा हुआ है, जिससे परिवार को योजना का कोई वास्तविक लाभ नहीं मिल सका। साथ ही कहना है कि सरकारी अभिलेखों में योजना को पूरा दिखाकर राशि की निकासी कर ली गई, जबकि धरातल पर कार्य अधूरा है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई तथा योजना का वास्तविक लाभ दिलाने की मांग की है। यह मामला मनरेगा योजना के क्रियान्वयन और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। अब यह देखना होगा कि संबंधित विभाग जांच कर क्या कार्रवाई करती है। इस संबंध में पंचायत के पंचायत सचिव राम मुर्मू से जानकारी लेने पर बताया कि लाभुक के देख रेख के आभाव में बागवानी में लगे पेड़ जिंदा नही है ,वही सिंचाई कुआं जो अधूरा पड़ा है उसको जल्द ही पूरा कर दिया जाएगा।

सीओ ने दुकानदारों को 31 जुलाई तक वैध कागजात जमा करने का दिया नोटिस

हिरणपुर (पाकुड़)। जबरदहा स्थित दैनिक हाट की जांच प्रक्रिया तेज कर दी गई है। बुधवार को अंचलाधिकारी पवन कुमार ने हाट में संचालित दुकानों के दुकानदारों को नोटिस जारी कर 31 जुलाई तक अपने सभी वैध दस्तावेज अंचल कार्यालय में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।जानकारी के अनुसार, केसर-ए-हिन्द जमीन के दाग संख्या 582 पर संरचना बनाकर कई दुकानें संचालित की जा रही हैं। इसे देखते हुए दुकानदारों से वैध बंदोबस्ती, अस्थायी बंदोबस्ती, पिंच रेंट सहित अन्य संबंधित अभिलेख जमा करने को कहा गया है।

वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी -आसनसोल - वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी स्पेशल ट्रेन रेयाक् हिजुक्-सेनो़क् दो़ तोंगे ताहेंना

दारायकान श्रवणी मेला ताला रे सांगा़ड़िया़कोवाक् बा़ड़ती भीड़ ञेलते, **04185/04186 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी - आसनसोल - वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी स्पेशल ट्रेनको** हिजुक् सेनो़क् बाबो़त रे मेनाक् मार्ग, सो़मो़यटेवान आर तेंगोन लेका ते जुदा़-जुदा़ ता़रीकको जा़री गे ताहेंनाः **04185 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी - आसनसोल स्पेशल ट्रेनः** 29/07, 05/08, 12/08, 19/08 आर 26/08/2026 (सा़गुनमाहां)आर 02/08, 09/08, 16/08, 23/08 आर 30/08/2026 (सिंगेमाहां)।
04186 आसनसोल - वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी स्पेशल ट्रेनः 30/07, 06/08, 13/08, 20/08 आर 27/08/2026 (सा़रदीमाहां) आर 03/08, 10/08, 17/08, 24/08 आर 31/08/2026 (ओ़तेमाहां)।
गो़ठो़नः एसी-3 टियर -02, शयनयान श्रेणी - 09, साधारण द्वितीय श्रेणी चेयर कार - 02, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) - 06 आर एसएलआरडी - 02 =21 कोच।
एमान तेयाक् जो़तो़ बातलावको दो़ एनका गे ताहेंना।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

नो़ड़े पांजालेपेः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

सरवा बाजार में तंबाकू नियंत्रण अभियान, जुर्माना वसूला

देवघर संताल एक्सप्रेस । राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत बुधवार को सरवा थाना क्षेत्र के सरवा बाजार एवं सरवा मोड़ में तंबाकू उत्पादों की अवैध बिक्री और नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध विशेष जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान सिविल सर्जन डॉ. रमेश कुमार एवं जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी-सह-नोडल पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार गुप्ता के निर्देश पर सहायक अवर निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार की अध्यक्षता में संचालित किया गया। अभियान के दौरान छापामारी दल ने करीब 18 दुकानों की जांच की। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 8 दुकानदारों से कुल ?2050 का जुर्माना वसूला गया। साथ ही दुकानदारों को तंबाकू नियंत्रण कानून के प्रावधानों की जानकारी देते हुए सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान एवं तंबाकू सेवन पर रोक, नाबालिगों को तंबाकू उत्पाद नहीं बेचने, शिक्षण संस्थानों के आसपास बिक्री पर प्रतिबंध तथा आवश्यक चेतावनी बोर्ड लगाने के संबंध में जागरूक किया गया। स्वास्थ्य विभाग ने दुकानदारों से तंबाकू नियंत्रण संबंधी सभी नियमों का पालन करने की अपील की और कहा कि आगे भी जिले में इस प्रकार के अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे। अभियान में सरवा थाना की गश्ती दल के पुलिसकर्मी एवं विजय सिंह भी मौजूद रहे।

देवघर के कलाकारों को मिलेगा सशक्त मंच : डॉ. सुनील

देवघर संताल एक्सप्रेस । देवघर नाट्य कला एवं संस्कृति परिषद के नए आधिकारिक लोगो का भव्य विमोचन स्थानीय होटल में सैकड़ों कला प्रेमियों और कलाकारों की उपस्थिति में किया गया। परिषद के अध्यक्ष डॉ. सुनील खवाड़े एवं सचिव आशीष झा ने संयुक्त रूप से लोगो का अनावरण किया। इस अवसर पर उपस्थित कलाकारों ने परिषद की इस नई पहल का स्वागत करते हुए इसे देवघर की सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परिषद के अध्यक्ष डॉ. सुनील खवाड़े ने कहा कि देवघर की सांस्कृतिक पहचान पूरे प्रदेश में अलग है, लेकिन यहां के कलाकारों के लिए अब तक कोई सशक्त और संगठित मंच उपलब्ध नहीं था। इस अवसर पर परिषद के कोषाध्यक्ष रितेश केशरी, उपाध्यक्ष नवीन शर्मा, छोटी मालवीय, कृष्ण वर्णवाल, रामेश्वर चक्रवर्ती, प्रकाश मठपती, प्रमेश राव, गोविंद अग्रवाल, आशीष भारद्वाज, रवि वर्मा, दीपक केशरी, दीपक दुबे, मनोज पांडे, बबीता पोद्दार सहित ऑरा ग्रुप के सदस्य एवं बड़ी संख्या में कलाकार और कला प्रेमी उपस्थित रहे।

विश्व युवा कौशल दिवस पर 35 युवाओं को मिला रोजगार

देवघर। विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत मंगलवार को मेगा सेंटर ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ लोकल सेल्फ गवर्नमेंट, देवघर में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कौशल प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को रोजगार से जोड़ना और स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करना था। जिला प्रशासन के निर्देश पर श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत झारखंड स्किल डेवलपमेंट मिशन सोसायटी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सक्षम सेंटर कोलोसल स्किल्स प्राइवेट लिमिटेड ने भी भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान 35 प्रशिक्षित युवाओं को बेंगलुरु स्थित एथर एनर्जी कंपनी में असेंबलिंग ऑपरेटर पद के लिए ऑफर लेटर प्रदान किए गए। वहीं एक महिला प्रशिक्षणार्थी रीना देवी को स्वरोजगार शुरू करने के लिए सिलाई मशीन उपलब्ध कराई गई, ताकि वह आत्मनिर्भर बन सकें।

एबीवीपी देवघर नगर और ए.एस. कॉलेज इकाई का पुनर्गठन

देवघर संताल एक्सप्रेस । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की देवघर नगर इकाई एवं ए.एस. महाविद्यालय इकाई का पुनर्गठन सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। बैठक में संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों तथा छात्रहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा के बाद नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। देवघर नगर इकाई में दीपक कुमार को नगर मंत्री, नवरत्न एवं कृति कुमारी को नगर सहमंत्री, अभय कुमार को नगर खेल प्रमुख, सौरव कुमार को नगर एसएफएस प्रमुख, अन्नू कुमारी को नगर कला मंच प्रमुख तथा कुंदन को नगर मीडिया प्रमुख बनाया गया। वहीं ए.एस. महाविद्यालय इकाई में विजय कुमार को अध्यक्ष, उत्तम कुमार को मंत्री, सत्यम राज, स्वीटी एवं सोनू को उपाध्यक्ष, सिमरन एवं गुलशन को सहमंत्री, रुद्र प्रताप को एसएफडी प्रमुख, अमित कुमार को एसएसएस प्रमुख तथा सौरव कुमार व पुष्कर कुमार को कार्यकारिणी सदस्य की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा शैलेश कुमार चौधरी को जिला एसएफडी प्रमुख बनाया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रमुख डॉ. राजेश राज ने कहा कि विद्यार्थी परिषद राष्ट्रहित और छात्रहित के लिए निरंतर कार्य करने वाला संगठन है। जिला संयोजक युवराज सिंह ने नवनियुक्त पदाधिकारियों से सेवा, अनुशासन और समर्पण की भावना के साथ विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय रहने का आह्वान किया।

291 छात्राओं को मिली साइकिल

देवघर। सारठ प्रखंड के कन्या मध्य विद्यालय, बामनगामा में झारखंड सरकार के कल्याण विभाग द्वारा संचालित उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत मंगलवार को साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय के 291 छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक प्रतिनिधि राहुल सिंह, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी शशांक शेखर तथा अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद पात्र छात्र-छात्राओं को साइकिलें सौंपकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि राहुल सिंह ने कहा कि राज्य सरकार की यह योजना विद्यार्थियों के लिए बेहद लाभकारी है। इसका उद्देश्य बच्चों का मनोबल बढ़ाना और उन्हें उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि साइकिल मिलने से दूर-दराज के गांवों से विद्यालय आने वाले छात्र-छात्राओं को काफी सुविधा मिलेगी और उनकी पढ़ाई नियमित रूप से जारी रखने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों ने साइकिल मिलने पर खुशी जताई। विद्यालय परिवार ने भी इस योजना को शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताते हुए सरकार के प्रयासों की सराहना की।

देवघर-सरायगढ़-देवघर स्पेशल ट्रेन सेवा का विस्तार

देवघर संताल एक्सप्रेस । श्रावणी मेला के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने देवघर एवं सरायगढ़ के बीच चलने वाली विशेष ट्रेन की सेवा को उसके वर्तमान मार्ग, ठहराव एवं समय-सारिणी के अनुसार जारी रखने का निर्णय लिया है। 05573/05574 सरायगढ़-देवघर-सरायगढ़ स्पेशल तथा 05574/05573 देवघर-सरायगढ़-देवघर स्पेशल का परिचालन 16.07.2026 से 31.08.2026 तक प्रतिदिन (कुल 47 फेरे) सरायगढ़ एवं देवघर से क्रमशः किया जाएगा। यह ट्रेन अपने वर्तमान 12-कोच मेमू रेक संयोजन के साथ चलेगी। इस संबंध में अन्य सभी निर्देश पूर्ववत लागू रहेंगे।

डीसी ने लिया श्रावणी मेले की तैयारियों का जायजा

समय पर सभी कार्य पूरे करने के दिए निर्देश

पार्किंग, टेंट सिटी, सफाई और बिजली व्यवस्था को प्राथमिकता देने पर जोर

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । राजकीय श्रावणी मेला 2026 की तैयारियों को लेकर उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया और पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुष्कर ने संयुक्त रूप से मेला क्षेत्र और कांवरिया रूटलाइन का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों को सभी तैयारियां तय समय सीमा के भीतर पूरी करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और बेहतर व्यवस्थाओं को लेकर कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान आइएसबीटी, कोठिया टेंट सिटी निर्माण स्थल, सरसा, भलुवा, परित्राण, दुम्मा बॉर्डर और कांवरिया पथ का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने विभिन्न विभागों द्वारा कराए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और जहां आवश्यक था, वहां कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। कोठिया में बनने वाली टेंट सिटी का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था को सुरक्षित, स्वच्छ और सुविधाजनक बनाने पर जोर दिया। उन्होंने टेंट सिटी में स्वच्छता, पर्याप्त वेंटिलेशन, अग्नि सुरक्षा, विद्युत सुरक्षा और विद्युत ऑडिट सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही शौचालयों की उचित दूरी, सुरक्षित बिजली आपूर्ति और विद्युत तारों की निगरानी पर भी विशेष ध्यान देने को कहा। मेला के दौरान वाहनों की सुचारु व्यवस्था के लिए कोठिया, परित्राण, सरसा और भलुवा में व्यवस्थित पार्किंग स्थल विकसित करने के निर्देश दिए गए। पार्किंग स्थलों पर बैरिकेडिंग, महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालय, स्नानगृह, स्वास्थ्य शिविर, साउंड सिस्टम, साफ-सफाई और सूचना संबंधी बैनर लगाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।

दुम्मा बॉर्डर से खिजुरिया तक कांवरिया पथ का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने पूरे मार्ग पर महीन बालू बिछाने, बिजली के तारों को ऊंचा और सुरक्षित करने, चापाकलों के आसपास सफाई कराने तथा अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पैदल चलने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और सभी कार्य उसी अनुरूप पूरे किए जाएं। निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक शिविर, ओपी, स्वास्थ्य केंद्र, सूचना सह सहायता केंद्र, होल्डिंग प्वाइंट, शौचालय, स्नानगृह, इंद्र वर्षा व्यवस्था और पर्यटन केंद्र से जुड़े कार्यों की भी समीक्षा की गई। कांवरिया पथ और गांवों के बाहर के रास्तों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने तथा सभी सुविधाएं समय पर तैयार करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। पेयजल व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने निर्देश दिया कि मेला क्षेत्र में कहीं भी पानी की कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने शौचालयों की नियमित सफाई, नलों से निकलने वाले पानी का उचित निकास और पूरे मेला क्षेत्र में चौबीसों घंटे सफाई व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। आध्यात्मिक भवन का निरीक्षण करते हुए वहां उपलब्ध सुविधाओं को और बेहतर बनाने पर जोर दिया गया।

ए.एन. कॉलेज दुमका की अनियमितताओं की जांच की मांग, प्रधान सचिव को सौंपा ज्ञापन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । ऑल इंडिया शेड्यूल्ड कास्ट्स/ट्राइब्स एंड बैकवर्ड क्लासेज एम्प्लॉयीज को-ऑर्डिनेशन काउंसिल, झारखंड प्रदेश के संथाल परगना अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार दास के नेतृत्व में मंगलवार को एक शिष्टमंडल ने देवघर सर्किट हाउस में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव राहुल पुरवार से मुलाकात कर आदित्य नारायण (ए.एन.) कॉलेज, दुमका में कथित वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमितताओं की उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि ऑनलाइन शुल्क व्यवस्था लागू होने के बावजूद छात्रों से प्रति सेमेस्टर ?50 ऑफलाइन वसूला गया और यह राशि कॉलेज के अधिकृत खाते के बजाय दो शिक्षकों के संयुक्त निजी बैंक खाते में जमा कराई गई, जिससे लगभग 30 लाख रुपये की निकासी होने का भी आरोप है। संगठन ने इसे गंभीर वित्तीय अनियमितता बताते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की। इसके अलावा वार्षिक अनुदान वितरण में अनियमितता, बायोमेट्रिक उपस्थिति के बिना वेतन भुगतान, अवैध नियुक्तियां, आरक्षण रोस्टर उल्लंघन तथा बिना टेंडर निर्माण कार्य और पुस्तक खरीद की भी जांच की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल ने सेवानिवृत्त वरिष्ठ प्रोफेसरों के लंबित प्रोन्नति एवं बकाया भुगतान का मुद्दा भी उठाया, जिस पर प्रधान सचिव ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

14 करोड़ की लागत से नौ सड़कों का जल्द शुरू होगा निर्माण : हफीजुल हसन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

मधुपुर । सूबे के जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन की पहल पर मधुपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास को एक नई गति मिली है। पथ प्रमंडल मधुपुर के अंतर्गत लगभग 14 करोड़ रुपये की लागत से नौ महत्वपूर्ण सड़कों के सुदृढ़ीकरण कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इन सड़कों के निर्माण और सुदृढ़ीकरण से क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को बेहतर और सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी। साथ ही, इससे शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और व्यापारिक गतिविधियों को भी नया बल मिलेगा। मंत्री हफीजुल हसन ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन सड़कों के निर्माण की स्वीकृति मिली है, उनमें कल्याणपुर वाया बूढ़ीबगीचा वाया बदिया पीडब्ल्यूडी सड़क (लंबाई 4.10 किमी), पीपरा से जयंती नदी तक सड़क (लंबाई 4.35 किमी), मधुपुर-लहरजोरी मुख्य मार्ग से चेतनारी होते हुए बगैया तक सड़क (लंबाई 5.00 किमी), टटकजोरी से बेहरापहाड़ा तक सड़क (लंबाई 3.49 किमी), चारघरा से घासको तक सड़क (लंबाई 1.20 किमी), जामा से जोगडीह चरपा तक सड़क (लंबाई 3.32 किमी), नवाडीह पीडब्ल्यूडी पथ से साहू टोला, चेतनारी तक सड़क (लंबाई 4.256 किमी) और बंसिमी चौक से कासीटांड़ तक सड़क (लंबाई 2.00 किमी) का सुदृढ़ीकरण शामिल है।

युवाओं को आत्मनिर्भर बनने का दिया संदेश

मधुपुर । विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर बुधवार को मधुपुर के भेड़वां स्थित एक्सल डाटा सर्विस के मेगा स्किल सेंटर में प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को कौशल विकास, रोजगार और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें अपने हुनर को पहचानकर बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों ने सांस्कृतिक एवं प्रदर्शनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से बताया कि कौशल आधारित प्रशिक्षण किस प्रकार युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराता है और उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ाता है।

Jharkhand Urja Sancharan Nigam Limited.
(CIN: U40108 JH 2013 SGC 001704)
Office of the
General Manager, Transmission Zone-II, Dumka
Email –gmtz2dumka@gmail.com

Tender Cancellation Notice

Due to not fulfilling of minimum bid requirement, e-NIT No.- 258/PR/JUSNL/26-27 is here by cancelled.

PR No. 382246

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें।
कृपया अपनी शिकयतों
को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone – II, Dumka

PR 385074 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(26-27).D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, गोड्डा
शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अल्पकालीन ई–निविदा सूचना सं0– RCD/GODDA/773/2026-27(2nd Call), PR 384748 Road (26-27)_D द्वारा प्रकाशित निविदा को ई–निविदा सूचना सं0– RCD/GODDA/778/2026-27(2nd Call) पढ़ा जाय।

कार्यपालक अभियंता
पथ प्रमंडल, गोड्डा

PR 385004 Road(26-27)D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, दुमका

शुद्धि पत्र पी0आर0 नं0
PR 383324 Road(26-27)D

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, दुमका अन्तर्गत PR 383324 Road (26-27)D के द्वारा निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 03/ 2026–27 के **क्रमांक 8 पर अंकित** यथा वित्तीय वर्ष 2026–27 के गैर योजना मद अंतर्गत गुण नियंत्रण कार्यालय भवन दुमका का विशेष मरम्मति कार्य एवं सहायक अभियंता, अवर प्रमण्डल संख्या–1 एवं 2 के कार्यालय भवन में 4 अदद् शौचालय एवं सेप्टिक टेंक का निर्माण कार्य के निविदा को अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया जाता है।

निविदा की अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता,
पथ प्रमंडल, दुमका

PR.NO.384988 Road(26-27):D

कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी –सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गोड्डा

बोआरीजोर, पथरगामा एवं पोड़ैयाहाट अंचल अंतर्गत अवस्थित जलकरों/तालाबों की खुले डाक से बन्दोबस्ती की आम सूचना

2. निविदा प्रपत्र प्राप्ति का स्थान – जिला मत्स्य कार्यालय, साहेबगंज।
3. निविदा प्रपत्र का मूल्य – 5000/–रू0
4. निविदा प्रपत्र प्राप्ति एवं जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय–23.07.2026 को 02 बजे अप0 तक
5. निविदा खुलने का स्थान– **उप विकास आयुक्त, साहेबगंज के कार्यालय प्रकोष्ठ में।**
6. निविदा खुलने की तिथि एवं समयः–**23.07.2026 को 03 बजे अप0।**
7. निविदा की विस्तृत शर्ते www.sahibganj.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,साहेबगंज

PR 384999 Fish(26-27).D

बिहार रे गाडा दाक् पेरेच् एना : वाल्मीकिनगर बराज रेयाक् फटो़क दुवा़रको झिच् केदा

खोबोरिया

पटना। नेपाल आर बिहार रे तातलेय दाक्एत् खा़तिर पो़नो़त रेयाक् आसो़ल गाडाको जेलेका कोसी, गंडक आर कमला गाडा दाक् पेरेच् आकाना। मंगलवार हिलोक् नोआ गाडाको रे निया़ बो़छो़र रेयाक् जा़सतीकाय दाक् मेनाक्आ। वाल्मीकिनगर गंडक बराज रेयाक् जो़तो़ 36 गो़टेच् फाटक दुवा़र नासीनाक्को झिच् आकादा। नोआ ते 1 लाख 75 हजार क्यूसेक दाक् गाडा रेको आड़ाक् केदा। नोआ खा़तिरवाल्मीकिनगर बिर जंगल घालो़क् आडेपासे लाहा इलाका रे दाक् लेप्पासनाव आकाना। जल संसाधो़न विभाग लेकाते, कोसी गाडा रेयाक् बराहक्षेत्र रे हों 1 लाख 26 हजार क्यूसेक खो़न जा़सती दाक्रिकॉर्ड एना, ओकादो़ निया़ बो़छो़र रेयाक् आ़डी जा़सती गेया। पटना रे गंगा गाडा दाक् तातले गे ढेर इदिक् काना, नो़ते मुंगेररे खातरा रेयाक् निसा़ना सोर आकाना, नोआ ते दियारा टोठाको रे कटाव आर खेतको रे दाक् पेरेजो़क् मुसकिल होयोक् काना।मुज फरपुर रे बागमती गाडा रेयाक् दाक् पेरेच् ढेरोक् ते औराई कटरा ब्लॉक सांव जोड़ाक्आक् पीपा पुल दाक् उनुम आकाना। मौसमविभाग दो़ दाराय 7 दिन धा़बिच् बिहार रेयाक् आयमा जिलाको रेआ़डीये दाग रेयाक् अलर्टए जारी आकादा। 15 जुलाई हिलोक्किशनगंज, पश्चिम चंपारण आर अररिया रे आ़डीय दाग चेतो़नको एमआकाना। पारो़मेन 24 घंटा रे रक्सौल, खगड़िया, कटिहार आरमधेपुरा घालो़क् आदो़म ठा़ंवको रे दाक्, नोआ रे रक्सौल रेगलिको रे 2 खो़न 3 फीट धा़बिच् दाक् पेरेजो़क् ते आ़डी दाक्पेरेच् आकान हालो़त जानाम एना। दाराय पे दिन धा़बिच् पो़नो़तरेयाक् आयमा ठा़ंवको रे हालका माछा दाक् सांवते आदो़म जायगाको रे आ़डीय दाग आर हुडुर बिजली ताहेंन रेयाक् अनुमान मेनाक्आ।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, दुमका

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – RDSD/DMK/WELFARE/26/2026-27

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

क्र०	कार्य का नाम	प्राक्कलित की राशि (रू० में)	अग्रधन की राशि (रू० में)	परिमाण विपत्र का मुल्य (रू० में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6
1	RENOVATION OF HOSTEL NO.01 & 02 AT S.T. RESIDENTIAL HIGH SCHOOL - SHIKARIPARA, BLOCK SHIKARIPARA, DISTT -DUMKA.	71,32,700	1,43,000/-	10,000/-	6 माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 17.07.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक–30.07.2026 (अपराह्न 5:00 बजे तक)।
4. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, दुमका।
5. निविदा खुलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 01.08.2026 (समय 2:00 बजे अपराह्न)।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, दुमका।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दुरभाष संख्या :– 8292322880
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबावदेही आपकी होगी।
10. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
11. योजना दो लिफाफा पद्धति पर आधारित है।

Note :-
1. निविदाकारों को ग्रामीण विकास विभाग (ग्रा0का0मा0)/भवन निर्माण विभाग में पंजीकृत होना अनिवार्य है।
2. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
3. बिना कोई कारण बताये निविदा को रद्द करने का अधिकार कार्यपालक अभियंता के पास सुरक्षित होगा।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, दुमका

PR 384972 Rural Work Department (26-27)_D

टाटानगर हा़बिच् गे चालाक्आ जनशताब्दी एस्सप्रेस, बोन्द गे ताहेंना लाहा सेयाक् सांगार

खोबोरिया

पूर्वी सिंहभूम। गा़डी लाड़ाक् रे थोड़ा़ गान बिला़म खा़तिर ते दक्षिण पूर्व रेलवे दो़ हावड़ा-बड़बिल जनशताब्दी एक्सप्रेस चा़लुय रे थोड़ा़ दिन ला़गित् तेको बो़दो़लाकादा। नोआ इया़ते 15 जुलाई 2026 हिलोक्चालाक्आक् बानार पासटा नाखा रेयाक् जनशताब्दी एक्सप्रेस रेयाक् सांगार दो़ टाटानगर स्टेशन हा़बिच् गे चालाक्आ। रेलवे होतेतेसा़गुनमाहां हिलोक्ए एमेन बानाडाय लेका ते गा़डी संखया 12021हावड़ा-बड़बिल जनशताब्दी एक्सप्रेस दो़ 15 जुलाई हिलोक् आयाक् निट आकात् जायगा बड़बिल हा़बिच् बाङ चालाक्आ। नोआ ट्रेन दो़ टाटानगरस्टेशन रे गे आयाक् सांगारे मुचा़दा। नोआ खा़तिर टाटानगर खो़नबड़बिल ताला रे नोआ ट्रेन रेयाक् सांगार दो़ बोन्द गे ताहेंना। नोङका गे गा़डी संखया 12022 बड़बिल-हावड़ा जनशताब्दी एक्सप्रेस दो़ 15जुलाई हिलोक् बड़बिल बाङ चालाक् कातेत् टाटानगर स्टेशन खो़न गे रूवा़ड़ो़क्आ। नोआ इया़ते बड़बिल खो़न टाटानगर ताला रे ट्रेन चालाक् हिजुक् दो़ बोन्द गे ताहेंना। रेलवे दो़ सांगा़ड़िया़को ठेन खो़ने नेहो़रेना जे सांगार खो़न माड़ाङ रे ट्रेन बाबो़त रे मो़हो़तानाक् बानाडाय आसो़काय ते हातावपे, जेमो़न जाहां लेकानाक् असुबिसता बाङ होयोक्।

कार्यालय, नगर परिषद, साहिबगंज।

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

[संचिका संग्रह संख्या–IX/07/2026-27/ले0(निविदा आमंत्रण संबंधी)]

e-Tender Notice Reference No.- E-NIT/NPS/13/2026-27

पत्रांक–1475/ले0, दिनांक–**15.07.2026**

1. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :–**कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, साहिबगंज।**
2. बेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– **17.07.2026**
3. निविदा डाउनलोड एवं अपलोड करने की तिथि एवं समय–**17.07.26** को **11:30** बजे पूर्वा0 से **27.07.26** **अप04:00** बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–**28.07.2026** को अप0 **4:30** बजे से।
5. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
8. कार्य का विस्तृत विवरणी निम्न प्रकार से है :–

क्र0सं0	ग्रुप सं0	वार्ड नं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू0 में)	अग्रधन की राशि (रू0 में) (घट बढ़ सकती है)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में)	कार्य पूर्ण करने अवधि	योजना का मद
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1.	01	22	CONSTRUCTION OF RCC DRAIN FROM AMAR KUMAR TO MAHENDRA RAJAK HOUSE, IN ward No. 22, UNDER NPS SBG	2499715	50000	5000	चार माह	15th FC (Storm Water & Drainage)

नोट :– विस्तृत जानकारी के लिए **http://jharkhandtenders.gov.in/ UDHD.JHARKHAND.GOV.IN** पर एवं नोटिस बोर्ड में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद् साहिबगंज।

PR 385043 (Urban Development and Housing) 26-27 (D)

68 प्रतिशत हो़ड़ नावां स्मार्टफोन हाताव सो़मो़य एआई फीचर्स मेनाक् हातावको रा़सका़क्आ

एआई दो़ नित समर्टफोन रे बेवहार ला़गित् ते मो़हो़तानाक् हिंस बेनावेना

खोबोरिया

नावां दिल्ली। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) दो़ नित एकेन स्मार्टफोनरेयाक् मित्टेन बा़ड़ती फीचर मो़तो़ दो़ बाङ बिचको़म कस्टमर हाताव ला़गित् ते मो़नेये लुभा़वेत्कान ताकोआ। मित्टेन नावांरिपोर्ट लेका ते 68 प्रतिशत हो़ड़ दो़ नावां स्मार्टफोन हाताव ओ़कते एआई फीचर्स आसो़लाक्को मेतावात् काना। नो़ते 82 प्रतिशतहो़ड़ाक् मेमेन दो़ नोआ काना जे डेटा प्रबंधन रे ट्रैन्स्पेरेन्सी आरसक्रेट दो़हो़य ला़गित् ते पा़तिया़उ हों हातावको हो़ड़ाक् फायसला रेमो़हो़तानाक् एनेमे पुरा़वेत् काना। रिपोर्ट लेका ते 61 प्रतिशतहो़ड़ाक् मेमेन काना जे ऑन-डिवाइस एआई प्रोसेसिंग स्मार्टफोनरेयाक् स्पीड आर रिस्पांस कैपेसिटी मो़जे बेनावेत् काना। नोआसांव ते गे नोको बेवहारेत्कान हो़ड़ाक् डेटा दो़ पुरा़ जो़गावजुगते दो़हो़य ला़गित् ते हों गो़ड़ो़ये एमो़क् काना। नोआ खा़तिर तेनित हो़ड़ दो़ नोङकान स्मार्टफोन गेको पा़हिल रेको कुसीवात् काना,नोआ रे एआई तकनीक मो़ज का़मीय आर पुरा़ जो़तो़न सालाक् ते बेबो़सता ताहेंन। सर्वे रे सेलेत् 78 प्रतिशत हो़ड़ दो़ मो़ज परफॉर्मेंसगे स्मार्टफोन रेयाक् जो़तो़ खो़न मो़हो़तानाक् गुने ला़ई केदा,नोन्डे 70 प्रतिशत हो़ड़ दो़ एआई ते लैस कैमरा फीचर्स गे आयाक् मो़हो़तानाक्ए मेतावादा। नो़ते 59 प्रतिशत हो़ड़ाक् मेमेन काना जेमो़ज एआई दाड़े ते ओनको हाताव ला़गित् तेको रा़सका़ काना। रिपोर्ट रेय मेन केदा जे एआई दो़ नित डिजाइन, दो़र आर बैटरीलाइफ तिना़क् मेनाक् नित नोआ छाडा कातेत् हो़ड़ दो़ एआईफीचर्सको धियानाक् काना। रिपोर्ट लेकात जुदी सुमान दो़र रेयाक्बारया स्मार्टफोन रे ओनाकिन मुद रे जाहांटाक् मित्टेन हातावला़गित् ते 60 प्रतिशत हो़ड़ गान दो़ नोङकान डिवास हातावको रा़सका़क्आ, ओकाटाक् रे मो़ज हार्डवेयर आर नाहाक् एआई फीचर्समेनाव। नो़ते 25 प्रतिशत हो़ड़ गे एआई जो़तो़ खो़न मो़हो़तानाक्को मेतावात् काना, एन्डेखान मो़ठे 15 प्रतिशत हो़ड़ गे नोङकान जाहांय दो़ नित हों हार्डवेयर गे मो़हो़तानाक्को मेतावात् काना।

मित् घा़ड़िच् ते ढेरेना एआई बाबो़त रे बाडाय मेनाक् ताको हो़ड़ाक् डिमांड

खोबोरिया

नावां दिल्ली। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) बाबो़त रे बाडाय मेनाक् ताको हो़ड़ाक् खो़ज दो़ आ़डी जा़सती ढेरो़क् काना। मित्टेन नावां रिपोर्ट लेका ते मशीन लर्निंग, प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग आर एमान तेयाक् मॉडर्न एआई रे एक्सपर्ट मेनाक्को हो़ड़ दो़ एकेन मित्घा़ड़ीच् ते रोजगारको ञामेत्कान इना़ मो़तो़ दो़ बाङ बिचको़म ओनकोवाक् बा़छड़ी पूंजी हों आसो़काय ते ढेरेन ताकोआ। नोआ ते एआई दो़ जुवा़नको ला़गित् ते जो़तो़ खो़न मो़ज करियरओ़पसो़र रेको सेलेत् चालाक् काना।
रिपोर्ट लेका ते नोआ टोठारे जो़तो़ खो़न बा़ड़ती बाहाली हायोक् काना, नोन्डे एआई रेयाक् बेवहार दो़ हो़ड़ाक् का़मी ढेर ला़गित् ते आर फायसला हाताव रेमो़ज होयोक् ला़गित् तेको का़मीयेत् काना। रेडियोलॉजी, भर्ती प्रबंधनआर उडा़क् गा़डी हिजुक्-सेनो़क् कांट्रोल लेकान का़मी रे एआई लेकानाक् फन्दाव आ़डी ता़पिस सालाक् तेको आपनारेत् काना। नोआखो़न उलटा़उ जाहांटाक् टो़ठा रे एआई दो़ एकेन दिना़म लिलोक्आक्का़मी आलगा हा़बिच् गे, ओन्डे रोजगार ढेरो़क् ला़गित् ते का़मीढेर कायते रूगुम गे ञेलेना। एआई दो़ कारखाना रे मीशन लर्निंगआर प्रॉम्प्ट इंजीनियारिंग लेकानाक् मो़हो़तानाक् खो़ज रे मोटामुटी 69 प्रतिशत बा़ड़ती बाडायेना। कंपनीको दो़ नोङकान का़मीहो़ड़ पा़हिल रे धियानको काना ओ़कोय दो़ एआई टूल्स आरमॉडल्स मो़ज ते बेवहार कातेत् टेक्नॉलोजी लाहान्तीय दाड़ेयाक् आर बेपार मुसकिलाक् फन्दाव ला़गित् तेय सो़दो़र दाड़ेयाक्आ। नोआओ़जे काना जे नोआ टोठा रे लेकमान हो़ड़को ला़गित् ते तातलेओ़पसो़र ढेरो़क् काना। भारत हों बो़नो़दो़ल रे मो़हो़तानाक्एनेमे कुरा़वेत् काना। रिपोर्टे ला़येत् काना जे एआई रेयाक्डिमांड ढेरो़क्कान खा़तिर ते नित का़टिच्-का़टिच् ता़री रे नौकरीको रे हों ढेर बाडाय मेनाक् ताको हो़ड़कोवाक् जा़रूड़ पाड़ाक् काना। रिसर्च लेका ते नोआ बाजार दो़ दुनिया़ रेयाक् टॉप10 एआई इनोवेशन हब रे जायगाको हामेत केदा। स्टार्टअप इकोसिस्टम रैंकिंग रे बेंगलुरू दो़ 15 नंबर रेय मेनाया आर नुयाक् मोटामुटी इकोसिस्टम वैल्यू दो़ 152.8 अरब अमेरिकी डॉलर बाडाय आकाना।

Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd.
(CIN: U40108 JH 2013 SGC 001704)
Office of the
General Manager, Transmission Zone-VI, Deoghar
Email-Id :- gmtz6deoghar@gmail.com

SHORT TENDER INVITING NOTICE

Sealed Tender in two parts containing Techno -commercial Part (Part-I) and Price Part (Part-II) scribed on separate two sealed envelope with STN No. written on top of envelope are invited from reputed, experienced and financially sound agencies/firm/contractors for execution of following works: -

STN No.	Name of Work	Estimated Cost (in Rs.)	Cost of B.O.Q (inclusive GST) (in Rs.)	EMD Amount (in Rs.)	Completion Time of work
333/PR/JUSNL/ 2026-27	R/M of Quarter No. E -3 with waterproof roof treatment at 132/33kV G.S.S., Daburgram, Deoghar	Rs. 2,74,286.00 (GST & Labour cess included)	Rs.886.00	Rs. 5,500.00	01(one) Month
334/PR/JUSNL/ 2026-27	Construction of 04 Nos. Septic Tanks with Soak Pits for Residential Quarters at 132/33 KV G.S.S. Daburgram	Rs. 3,12,763.00 (GST & Labour cess included)	Rs. 886.00	Rs. 6,300.00	01 (One) Month
335/PR/JUSNL/ 2026-27	R/M of Residential Quarter No. E-1, including waterproof roof treatment, at 132/33 KV GSS Daburgram, Deoghar	Rs. 3,25,028.00 (GST & Labour cess included)	Rs. 886.00	Rs. 6,600.00	01 (One) Month
336/PR/JUSNL/ 2026-27	Repair and Maintenance of Quarter No. F-5, Type Quarter with roof treatment at 132/33 K.V. Grid Sub-Station, Daburgram	Rs. 4,78,780.00 (GST & Labour cess included)	Rs. 886.00	Rs. 9,600.00	01 (One) Month
337/PR/JUSNL/ 2026-27	R/M of Pump House No. 1, Pump House No. 2, and Garage, along with installation of a submersible pump with all fittings at 132/33 KV GSS Daburgram, Deoghar.	Rs. 4,99,546.00 (GST and labour cess included)	Rs. 886.00	Rs.10,000.00	01 (One) Month

1. Start date & time of sale of BOQ :- 17.07.2026 at 11:00 A.M.
2. Last date & time of sale of BOQ :- 31.07.2026 up to 04:00 P.M.
3. Last date & time for submission of tender documents :- 01.08.2026 up to 02:30 P.M.
4. Date & Time for opening of Tender (Part -I) :- 01.08.2026 at 03:30 P.M.
5. Bidopening datefor price part (Part-II) :- Willbe communicatedlateron.
6. Tender documents can be purchased from the office of the undersigned from any working day till one day before the date of submission of Tender in working hours after depositing cost of BOQ (non-refundable) in shape of Bank Draft in favour of **Manager (F & A), Transmission Zone-VI, Deoghar** payable at Deoghar.
7. For any Clarification, please contact 8292360941

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतोंको टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone –VI, Deoghar

PR 385013 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(26-27)D

विधिक सेवा प्राधिकार ने बाल विवाह और नशे के खिलाफ जगाई अलख

दुमका। जिले में समाज को खोखला कर रही बाल विवाह, बाल श्रम और नशाखोरी जैसी गंभीर कुरीतियों को जड़ से मिटाने के लिए एक बड़ी पहल की गई है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दुमका के निर्देश पर बुधवार को जिले के विभिन्न स्थानों पर व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम मसलिया प्रखंड के आईटीआई कॉलेज सांपचाला, दुमका प्रखंड के मध्य विद्यालय आसनसोल और जामा प्रखंड के सिकटिया पंचायत में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के दौरान पैरा लीगल वॉलिंटियर्स ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बाल विवाह बच्चों के सर्वांगीण विकास में बहुत बड़ी बाधा है और यह एक दंडनीय अपराध है। इसे रोकना हर जागरूक नागरिक का कर्तव्य है। वहीं बाल श्रम पर चिंता व्यक्त करते हुए बताया गया कि हर बच्चे को शिक्षा और सम्मान के साथ जीने का अधिकार है। बचपन में मजदूरी करवाना उनके उज्ज्वल भविष्य को अंधकार में धकेलने जैसा है। लोगों से अपील की गई कि बाल विवाह या बाल श्रम की कहीं भी जानकारी मिले, तो तुरंत प्रशासन या विधिक सेवा प्राधिकरण को इसकी सूचना देकर सहयोग करें। युवाओं को नशे की लत से दूर रहने की सख्त हिदायत देते हुए उन्हें शिक्षा, खेल और सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने की सलाह दी गई।

छात्राओं को दी गयी गुड टच और बेड टच की जानकारी

दुमका। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी दुमका प्रकाश चन्द्र के निदेशानुसार बालकों की सुरक्षा व संरक्षण को देखते हुए प्रखंड जरमुंडी के उच्च विद्यालय कालाडुमरिया एवं मध्य विद्यालय अम्बा में छात्र छात्राओं को गुड टच एवं बेड टच की जानकारी एवं समाज में घटित हो रहे घरेलू हिंसा से संबंधित विषय पर जागरूक किया गया। चाइल्ड हेल्पलाइन की वर्कर खुशबू कुमारी ने घरेलू हिंसा एक गंभीर सामाजिक समस्या है, जिसमें किसी व्यक्ति को उसी के परिवार, संबंधी या समाज द्वारा शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक रूप से उपेक्षा एवं ईर्ष्या की जाती है। यह बच्चों के चेतन मस्तिष्क को खोखला करता है, ऐसे घटित हो रहे समस्याओं से बिल्कुल भी घबराना नहीं है और आवश्यकता होने पर इसकी सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन के निःशुल्क नम्बर 1098 पर सूचित कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। मौके पर विद्यालय के शिक्षक सूरज मंडल एवं आदित्य गोविन्द व अन्य शिक्षकों ने उक्त कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यह जागरूकता विद्यार्थियों को उनके चक्षु खोलने का कार्य करेगा साथ ही सुरक्षित व सतर्क करेगा। उक्त जागरूकता कार्यक्रम में चाइल्ड हेल्पलाइन के अन्य कर्मी ने भी अहम भूमिका निभाई।

महिलाओं ने सीखे ऑनलाइन बैंकिंग के गुर

दुमका । ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को डिजिटल रूप से साक्षर और आत्मनिर्भर बनाने के लिए भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा ने एक सराहनीय पहल की है। बुधवार को झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के तहत काम करने वाले सखी मंडल की महिलाओं के लिए एक विशेष वित्तीय साक्षरता और डिजिटल बैंकिंग ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में दुमका जिले की बड़ी संख्या में बैंक खाताधारक महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान एसबीआई के अधिकारियों ने महिलाओं को आधुनिक बैंकिंग टूल्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसमें मोबाइल बैंकिंग, व्हाट्सएप बैंकिंग और इंटरनेट बैंकिंग जैसी महत्वपूर्ण डिजिटल सेवाएं शामिल रहीं। महिलाओं को केवल थ्योरी ही नहीं सिखाई गई, बल्कि लाइव डेमो देकर यह भी दिखाया गया कि वे खुद अपने मोबाइल से सुरक्षित तरीके से पैसों का लेनदेन कैसे कर सकती हैं। अधिकारियों ने बताया कि डिजिटल बैंकिंग अपनाने से महिलाओं को बार-बार बैंक के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे, जिससे उनके समय की बचत होगी और बैंकिंग सेवाएं सीधे उनके घर तक पहुंच जाएंगी।

सिदो कान्हू हाई स्कूल में छात्र संसद का गठन



दुमका। सिदो कान्हू उच्च विद्यालय, दुमका में विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, जिम्मेदारी की भावना, आपसी सम्मान, शांति एवं सकारात्मक विद्यालयी वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हेड बॉय, हेड गर्ल, प्रीफेक्ट बॉय एवं प्रीफेक्ट गर्ल का चयन किया गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों के बौद्धिक, रचनात्मक, सामाजिक एवं व्यक्तित्व विकास को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में संचालित विभिन्न क्लबों एवं समितियों, जैसे कल्चरल कमेटी, स्पोर्ट्स कमेटी, लिटरेचर क्लब, आर्ट क्लब, फोटोग्राफी क्लब, सोशल क्लब एवं रोबोटिक्स क्लब के सदस्यों का भी चयन किया गया। यह चयन प्रक्रिया विद्यालय प्रबंधन द्वारा आयोजित साक्षात्कार के माध्यम से संपन्न हुई। चयन प्रक्रिया में कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय की छात्रा रिया कुमारी साहा को हेड गर्ल तथा छात्र नैतिक सिंह को हेड बॉय चुना गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न क्लबों एवं समितियों के लिए योग्य एवं प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। प्रार्थना सभा के दौरान विद्यालय के सचिव प्रदीप्त मुखर्जी, सिदो कान्हू सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य देवप्रिय मुखर्जी तथा सिदो कान्हू उच्च विद्यालय के प्राचार्य इंद्रजीत प्रसाद भगत ने सभी चयनित छात्र-छात्राओं को बैज प्रदान कर सम्मानित किया तथा उन्हें अपने दायित्वों का ईमानदारी, अनुशासन और समर्पण के साथ निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।

ग्राम प्रधानों की बैठक में मालगुजारी की वसूली पूर्व की तरह ऑफलाइन कराने की मांग

जरमुंडी । जरमुंडी प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में ग्राम प्रधानों व सहयोगी लेखा होड़ की मासिक बैठक महादेव यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें सभी लेखा होड़, मांझी बाबा, पराणिक , जोग माझी, नाइकी बाबा, कुड़ाम नायकी और गौड़ैत बाबा ने शामिल हुए। बैठक में निर्णय लिया गया कि जरमुंडी प्रखंड के अंतर्गत, जो लेखा होड़ नियुक्त किए गए हैं, उनको तत्काल सम्मानित राशि का भुगतान किया जाए। साथ ही पूर्व से बकाया लेखा होड़ की सम्मानित राशि का भी भुगतान की जाए। बैठक में ग्राम प्रधान एवं लेखा होड़ ने पंचायती राज अनुसूचित क्षेत्र विस्तार अधिनियम 1996 (पेसा एक्ट 1996) अविलंब लागू कराने की मांग की। वहीं प्रत्येक गांव में ग्राम सचिवालय का निर्माण कराने की मांग की गई। बैठक में प्रधानी व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सशक्त बनाने हेतु संथाल परगना प्रमंडल स्तर पर ग्राम प्रधान परिषद का गठन किए जाने की भी मांग रखी गई। संताल परगना काश्तकारी अधिनियम 1949 (पूरक) के प्रावधान के तहत ग्राम प्रधान के माध्यम से मालगुजारी की वसूली पूर्व की तरह ऑफलाइन कराने की भी मांग रखी गई। इस अवसर पर बैलून टुडू, छोटका मरांडी, नारायण राउत, माताल हेंब्रम, सुशील मरांडी, मुंशी मुर्मू ,रूपलाल हांसदा, नरेश सोरेन, मनसा मुर्मू , रसिकलाल मुर्मू, मोतीलाल किस्कू, दीवान मरांडी, राजेंद्र बास्की, मिस्त्री मुर्मू, गणेश सोरेन आदि दर्जनों अन्य मौजूद थे।

मोटरसाइकिल चोरी करते रंगे हाथ पकड़ाया चोर

शिकारीपाड़ा। कुशपहाड़ी साप्ताहिक हाट परिसर में आज उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक बाइक चोर को ग्रामीणों ने रंगे हाथ दबोच लिया। पिछले तीन महीनों के भीतर इस हाट परिसर से लगातार तीन मोटरसाइकिलें चोरी हो चुकी थीं, जिससे यहां आने वाले ग्रामीणों और व्यापारियों में भारी आक्रोश और चिंता का माहौल था। आज जैसे ही एक ग्रामीण अपनी मोटरसाइकिल खड़ी कर सब्जी खरीदने बाजार के अंदर गया, घात लगाए बैठे एक संदिग्ध युवक ने उसकी गाड़ी के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। आसपास के सतर्क लोगों की नजर उस पर पड़ गई और उन्होंने सूझबूझ दिखाते हुए मोटरसाइकिल चोरी करने के संदेह में उसे मौके पर ही धर दबोचा। घटना के वक्त गश्ती कर रही शिकारीपाड़ा थाना पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और उत्तेजित ग्रामीणों के चंगुल से आरोपी को छुड़ाकर अपने कब्जे में ले लिया।

एसकेएमयू में विद्यार्थी परिषद का हंगामा, धरना-प्रदर्शन

उच्च शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव राहुल पुरवार को सौंपा 16 सूत्री ज्ञापन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका । सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में व्याप्त शैक्षणिक, प्रशासनिक और वित्तीय अनियमितताओं के खिलाफ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। बुधवार को छात्र संगठन ने विश्वविद्यालय परिसर में जोरदार प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की और झारखंड सरकार के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव राहुल पुरवार को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन के दौरान एबीवीपी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अमन शाह ने विश्वविद्यालय प्रशासन, विशेषकर परीक्षा विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रभारी परीक्षा नियंत्रक अपने पद का दुरुपयोग कर रहे हैं और छात्रों के साथ उनका व्यवहार भी बेहद अनुचित है। परीक्षा और परिणामों को लेकर हजारों छात्रों को हो रही परेशानी का हवाला देते हुए उन्होंने मांग की कि इन आरोपों की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारी को तत्काल प्रभाव से पद से हटाया जाए।

संगठन द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में छात्र हितों से जुड़ी कुल 16 प्रमुख मांगें रखी गई हैं। इनमें सेमेस्टर परीक्षा और परिणाम प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी और समयबद्ध बनाना, 60 वर्ष से अधिक उम्र के शिक्षकों को प्रशासनिक पदों से मुक्त करना, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित करना, और विश्वविद्यालय के फिक्स्ड डिपॉजिट व उसके ब्याज के उपयोग की उच्च स्तरीय वित्तीय जांच शामिल है।

इसके अलावा, सभी महाविद्यालयों में नियमित प्राचार्यों की नियुक्ति करने, विश्वविद्यालय में लॉ की पढ़ाई शुरू करने, आदित्य नारायण कॉलेज में शिक्षकों की उपस्थिति और रिक्त पदों की जांच करने, ओबीसी और सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के लिए नए छात्रावास का निर्माण, स्नातक की सीटों को पूर्ववत बहाल करने, जल्द से जल्द छात्रसंघ चुनाव कराने और पीएचडी परिणामों से जुड़ी शिकायतों के समाधान की भी पुरजोर मांग उठाई गई है।

एबीवीपी ने विश्वविद्यालय प्रशासन और राज्य सरकार को सख्त चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर इन मांगों पर कोई ठोस और सकारात्मक कदम नहीं उठाया जाता है, तो संगठन आगामी दीक्षांत समारोह के दौरान परिसर में शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगा। संगठन ने स्पष्ट किया है कि इसकी पूरी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन और उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की होगी, क्योंकि छात्रों के अधिकारों और विवि की शैक्षणिक गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

ज्ञापन सौंपने और प्रदर्शन के दौरान दुमका-साहिबगंज के विभाग संगठन मंत्री हिमांशु दुबे के साथ-साथ आदित्य जोशी, ईशा सिंह, संदीप सिंह, सौम्या, चयन चक्रवर्ती, हेमंत राय, कान्हू हेम्ब्रम, विकास भगत, उत्तम मंडल, अमन सेन, अनुप दत्ता, आदित्य राज, मदन पाल, सुनीता कुमारी, अंजली कुमारी, हेमंत कुमार और विकास सोरेन सहित कई अन्य कार्यकर्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

हाईवोल्टेज ड्रामा : गांजे के नशे में 33 हजार वोल्ट के बिजली खंभे पर चढ़ा युवक, सूझबूझ से बची जान

संवाददाता

गोपीकांदर । थाना क्षेत्र के छतरछुआं नास्ता दुकान के पास उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब मानसिक तनाव में एक युवक आत्महत्या करने के इरादे से 33 हजार वोल्ट के हाईटेंशन बिजली के खंभे पर चढ़ गया। युवक की इस आत्मघाती कदम से मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। हालांकि, बिजली विभाग के कर्मचारियों की तत्परता और सूझबूझ से एक बड़ा हादसा टल गया और युवक की जान बच गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, युवक का नाम सुमन कुमार पंडित है, जो दुमका पुलिस लाइन कॉलोनी का रहने वाला है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सुमन प्रतिदिन बस से दुमका से अमरापाड़ा आना-जाना करता है। वह अत्यधिक गांजे का सेवन करता है। घटना के दिन भी गांजे के अत्यधिक नशे और आवेश में आकर उसने यह कदम उठाया। वह मानसिक तनाव में था और अचानक छतरछुआं के पास स्थित 33000 वोल्ट के बिजली खंभे पर चढ़ने लगा।

युवक को खंभे पर चढ़ता देख स्थानीय लोगों के होश उड़ गए। घटना की सूचना तुरंत बिजली विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही बिजली विभाग के आउटसोर्सिंग कर्मी निमाई मंडल और बिरजू मंडल ने त्वरित कार्रवाई की। उन्होंने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए 33 हजार वोल्ट की मेन लाइन को कटवा दिया, जिससे युवक करंट की चपेट में आने से बच गया।

इसके बाद बिजली कर्मियों और स्थानीय ग्रामीणों ने काफी मशक्कत की। युवक को प्यार से समझा-बुझाकर सुरक्षित नीचे उतारा गया। नीचे उतारने के बाद स्थानीय लोगों ने उसे वापस बस में बैठाया और उसके घर दुमका के लिए रवाना कर दिया। बिजली कर्मियों की इस सतर्कता और सूझबूझ की स्थानीय लोग जमकर सराहना कर रहे हैं।

ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

मसलिया । दुमका मुफस्सिल थाना क्षेत्र में बुधवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में मसलिया थाना क्षेत्र के बांसजोड़ा गांव निवासी हीरालाल मिर्धा 45 साल की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हीरालाल मिर्धा किसी निजी कार्य से बाइक पर सवार होकर दुमका हवाई अड्डा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे एक ट्रैक्टर से उनकी बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी भीषण थी कि हीरालाल मिर्धा ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तत्काल इसकी सूचना दुमका मुफस्सिल थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया गया। इस हादसे की खबर मिलते ही मृतक के परिजन घटनास्थल और अस्पताल पहुंचे।

केवल डिग्री नहीं, हुनर भी है जरूरी : एनसीसी कैडेट्स

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका। आज के तेजी से बदलते दौर में सिर्फ किताबी ज्ञान काफी नहीं है, बल्कि हाथों में हुनर होना भी उतना ही जरूरी है। इसी सोच और %साझा भविष्य के लिए कौशल थीम के साथ 4 झारखंड गर्ल्स बटालियन एनसीसी, दुमका की कैडेट्स ने विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर कौशल विकास का महत्वपूर्ण संकल्प लिया। बुधवार को एसजीआरएस एकेडमिक प्राइवेट लिमिटेड, दुमका सेंटर में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में इन छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत और दीप प्रज्वलन से हुई। मौके पर मौजूद मुख्य अतिथि सह जिलाध्यक्ष सुधीर कुमार मंडल ने युवाओं को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि प्रतिस्पर्धा के इस युग में शैक्षणिक योग्यता के साथ-साथ व्यावसायिक और तकनीकी कौशल का होना अनिवार्य है। उन्होंने कैडेट्स से सरकार की विभिन्न कौशल विकास योजनाओं का भरपूर लाभ उठाने की अपील की। वहीं, सेंटर इंचार्ज प्रिया सिंह ने छात्राओं को महिला सशक्तिकरण और रोजगार के नए अवसरों से अवगत कराया।

25 दिनों से अंधेरे में डूबा रामगढ़ का कांजवे गांव

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

रामगढ़ । प्रखंड के कांजवे पंचायत स्थित कांजवे गांव (शहर टोला) में पिछले 25 दिनों से बिजली पूरी तरह गुल है। इस भीषण गर्मी के बीच बिजली आपूर्ति ठप होने से ग्रामीणों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि आधुनिक युग में भी पूरा गांव एक बार फिर ढिबरी और मोमबत्ती के सहारे रातें काटने को विवश है।

विभाग की अनदेखी से बढ़ा आक्रोश

ग्रामीणों का कहना है कि बिजली बाधित होने की शिकायत लगातार संबंधित विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों से की गई है। इसके बावजूद अब तक इस समस्या पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया है। विभाग की इस घोर लापरवाही ने ग्रामीणों के बीच भारी निराशा और आक्रोश पैदा कर दिया है।

अंधकार में डूबता बच्चों का भविष्य

इस बिजली संकट की सबसे बड़ी कीमत गांव के विद्यार्थी चुका रहे हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं और स्कूली पढ़ाई की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं को ढिबरी और टॉर्च की मद्धिम रोशनी में पढ़ाई करनी पड़ रही है। अभिभावकों को गहरी चिंता सता रही है कि अगर जल्द हालात नहीं सुधरे, तो बच्चों की शिक्षा और भविष्य पर इसका बेहद नकारात्मक असर पड़ेगा।

रोजमर्रा की जिंदगी हुई बेहाल

बिजली न होने से सिर्फ रोशनी ही नहीं गई, बल्कि गांव में अन्य कई गंभीर समस्याएं भी खड़ी हो गई हैं। मोटर पंप बंद पड़े रहने के कारण घरों में पेयजल की भारी किल्लत हो गई है। लोगों को अपने मोबाइल फोन तक चार्ज करने के लिए मीलों दूर दूसरे गांवों का रुख करना पड़ रहा है।

65वीं सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल : रोमांचक पेनल्टी शूटआउट में गोड्डा को हराकर जामताड़ा बना चैंपियन

संवाददाता

दुमका । जिला में आयोजित 65वीं प्रमंडल स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता 2026 का समापन बेहद रोमांचक अंदाज में हुआ। बुधवार को खेले गए अंडर-17 बालक वर्ग के खिताबी मुकाबले में जामताड़ा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोड्डा को पेनल्टी शूटआउट में 3-2 से हराकर चैंपियन का ताज पहन लिया है। इस शानदार जीत के साथ ही जामताड़ा की टीम ने रांची में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भी अपनी जगह पक्की कर ली है। फाइनल मुकाबले में दोनों ही टीमों के बीच शुरू से अंत तक कांटे की टक्कर देखने को मिली। निर्धारित समय तक कोई भी टीम गोल करने में सफल नहीं हो सकी, जिसके बाद मैच का फैसला पेनल्टी शूटआउट के जरिए हुआ, जिसमें जामताड़ा ने बाजी मारी।

इससे पहले खेले गए दोनों सेमीफाइनल मुकाबलों में भी कड़ा संघर्ष देखने को मिला था। पहले सेमीफाइनल में गोड्डा ने दुमका को पेनल्टी शूटआउट में 4-1 से हराया था, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में जामताड़ा ने पाकुड़ को पेनल्टी शूटआउट में 3-2 से मात देकर फाइनल का टिकट कटाया था। वहीं, प्रतियोगिता में तीसरे स्थान के लिए हुए मुकाबले में पाकुड़ की टीम ने दुमका को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 के अंतर से परास्त कर कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। इस प्रतियोगिता के नतीजों के बाद अब संथाल परगना प्रमंडल की ओर से राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल टूर्नामेंट में अंडर-17 बालक वर्ग का प्रतिनिधित्व जामताड़ा करेगा। वहीं, अंडर-15 बालक और अंडर-17 बालिका वर्ग में दुमका की टीम प्रमंडल का प्रतिनिधित्व करेगी। ये तीनों टीमें गुरुवार सुबह दुमका के खूंटाबांध से रांची के लिए रवाना होंगी। समापन समारोह के अवसर पर विजेता और उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल और प्रशस्ति-पत्र देकर पूरे सम्मान के साथ पुरस्कृत किया गया।

कोयला वाहन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

दुमका । फूलों-झानो चौक के आगे झापड़ पूल के पास आज एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहाँ एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार कोयला वाहन ने एक व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उस व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में कोहराम मच गया है और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। हादसे के तुरंत बाद घटनास्थल पर वाहनों के पहिए थम गए और सड़क के दोनों ओर गाड़ियों की लंबी कतारें लग गईं। फूलों-झानो चौक से लेकर झापड़ पूल तक का पूरा मार्ग पूरी तरह ठप हो चुका है और इस वक्त वहां भारी भरकम जाम लगा हुआ है। कोयला लदे भारी वाहनों के कारण आम राहगीरों और स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस टीम मौके के लिए रवाना हो चुकी है। पुलिस का प्राथमिक उद्देश्य शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजना और उत्तेजित लोगों को समझा-बुझाकर इस भीषण जाम को जल्द से जल्द हटाना है ताकि यातायात व्यवस्था को दोबारा सुचारू किया जा सके। स्थानीय लोग क्षेत्र में भारी वाहनों की बेकाबू रफ्तार पर लगाम लगाने और उचित मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

स्वतंत्रता दिवस : राज्यपाल दुमका में फहराएंगे तिरंगा

दुमका। समाहरणालय सभागार में स्वतंत्रता दिवस समारोह-2026 की पूर्व तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को की गई। इस उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने की, जिसमें जिले के तमाम वरीय अधिकारी और सिविल सोसायटी के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में स्वतंत्रता दिवस के मुख्य आयोजन को भव्य और प्रोटोकॉल के अनुरूप संपन्न कराने के लिए विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई और संबंधित विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई। उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने बैठक में जानकारी दी कि इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में महामहिम राज्यपाल मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। राज्यपाल 15 अगस्त की सुबह ठीक 9ः00 बजे दुमका के पुलिस लाइन मैदान में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और परेड की सलामी लेंगे। मुख्य अतिथि के आगमन को देखते हुए उपायुक्त ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि मंच पर बैठने की व्यवस्था से लेकर समारोह के हर एक चरण का संचालन पूरी तरह से निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार होना चाहिए।

राजमिस्त्री ने फांसी लगाकर दी जान

सरैयाहाट। सरैयाहाट थाना क्षेत्र के दिग्घी गांव में एक 40 वर्षीय राजमिस्त्री द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। घटना मंगलवार देर शाम की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राजेंद्र यादव पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया। जानकारी के अनुसार, दिग्घी गांव निवासी मुकेश दास(40) राजमिस्त्री का काम करता था। परिजनों के मुताबिक वह मंगलवार सुबह मजदूरी के सिलसिले में कोलकाता जाने के लिए घर से निकला था। उसके बाद पत्नी खेत में काम करने चली गई, जबकि पुत्र मजदूरी के लिए देवघर गया हुआ था। इसी दौरान मुकेश वापस घर लौट आया। बताया जाता है कि उसने घर में रखी चाबी से दरवाजा खोला और अंदर जाकर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। शाम को जब उसकी पत्नी खेत से वापस घर पहुंची तो दरवाजा खुला मिला। घर के अंदर प्रवेश करने पर उसने पति को फंदे से लटका देखा। इसके बाद उसके शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण जुट गए और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की।

राजनेता से कहीं अधिक एक संजीदा साहित्यकार हैं डॉ. निशंक : आचार्य पृथ्वीनाथ पांडेय

दुमका। सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका में प्रतिष्ठित साहित्यकार और राजनेता डॉ. रमेशचंद्र पोखरियाल निशंक के जन्मदिन (15 जुलाई) के विशेष अवसर पर बुधवार को एक भव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। रमेशचंद्र पोखरियाल की दृष्टि और सृष्टि विषय पर केंद्रित इस गोष्ठी में विद्वानों ने उनके विराट व्यक्तित्व और साहित्यिक योगदान पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में प्रयागराज से पधारे प्रख्यात व्याकरणाचार्य और भाषाविज्ञानी आचार्य पं. पृथ्वीनाथ पांडेय ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए आचार्य पं. पृथ्वीनाथ पांडेय ने अपने सारगर्भित संबोधन में कहा कि डॉ. निशंक की असली पहचान एक राजनेता से बढ़कर एक कुशल और संवेदनशील साहित्यकार की है। उन्होंने बेहद कम समय में साहित्य के क्षेत्र में जो महान उपलब्धि हासिल की है, वह उनकी साहित्य के प्रति गहरी निष्ठा को दर्शाती है। आचार्य पांडेय ने कहा कि निशंक जी की रचनाओं में आम जनमानस की पीड़ा, आह और संवेदनाओं का रस प्रवाहित होता है। उनकी मारक शब्दशक्ति और प्रातिभ सामर्थ्य सीधे पाठकों के हृदय पर असर करती है। उन्होंने डॉ. निशंक के दीर्घायु होने और समाज का निरंतर मार्गदर्शन करने की मंगलकामना की।

सात दिन बाद सीतपहाड़ी पहुंचा दुलड़ हांसदा का शव

मसलिया। मसलिया थाना क्षेत्र के गुमरो पंचायत अंतर्गत सीतपहाड़ी गांव की 33 वर्षीय प्रवासी मजदूर महिला दुलड़ हांसदा का शव सात दिनों बाद बुधवार को गुजरात के राजकोट से उनके पैतृक गांव पहुंचा। शव के गांव पहुंचते ही पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया, वहीं ग्रामीणों की आंखें भी नम हो गईं। ग्रामीणों ने बताया कि दुलड़ हांसदा रोजगार की तलाश में गुजरात गई थीं, जहां उनकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि उन्होंने अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी थी। हालांकि उन्होंने यह कदम क्यों उठाया, इसका कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है। उनकी मौत कई सवाल छोड़ गई है, जिनका जवाब अभी तक सामने नहीं आया है। परिजनों के अनुसार दुलड़ जब भी काम से गांव लौटती थीं तो अपने माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्यों के लिए कपड़े, जरूरत का सामान और अन्य उपहार लेकर आती थीं। लेकिन इस बार उनका शव बंद ताबूत में घर पहुंचा, जिसने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया। ग्रामीण पवन मंडल ने बताया कि शव को गुजरात से गांव लाने के लिए मसलिया प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) को आवेदन दिया गया था। बीडीओ ने मामले का त्वरित संज्ञान लेते हुए आवेदन को उपायुक्त कार्यालय भेजा। प्रशासनिक पहल के बाद गुजरात से शव को मसलिया थाना के माध्यम से गांव पहुंचाया गया और परिजनों को सौंप दिया गया।

युवाओं को मिला आत्मनिर्भरता का मंत्र

दुमका। विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर बुधवार को शिव पहाड़ स्थित ट्राइबल स्किलिंग सेंटर में जन शिक्षण संस्थान एवं टीएससी के संयुक्त तत्वावधान में प्रेरक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया गया। मुख्य अतिथि जिला कौशल पदाधिकारी प्रीति कुमारी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में केवल डिग्री नहीं, बल्कि तकनीकी एवं व्यावसायिक कौशल ही रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने युवाओं से सरकारी कौशल विकास योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। संस्थान के निदेशक मोती उपाध्याय ने कहा कि जेएसएस और टीएससी का उद्देश्य युवाओं, महिलाओं एवं जनजातीय समुदाय को हुनरमंद बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कौशल विकास को आत्मविश्वास और सम्मानजनक जीवन का आधार बताया। बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट की सदस्या रूबी केशरी ने भी युवाओं को समय के साथ नए कौशल सीखने और उद्यमिता की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईंडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित, RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन सिपाही फोन न. 7367009287, 9771486686